# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025










# केंद्र के पोर्टल ने खोला राज, छत्तीसगढ़ में तीन लाख से ज्यादा संदिग्ध राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

भारत सरकार के पोर्टल से इस बात का खुलासा हुआ है कि छत्तीसगढ़ में करीब सवा तीन लाख राशन कार्ड संदिग्ध हैं। राज्य सरकार के डाटाबेस के मुताबिक यह संख्या इससे भी अधिक है। यही नहीं, प्रदेश में हजारों राशनकार्ड धारी ऐसे भी हैं, जिन्होंने छह महीने से लेकर सालभर तक राशन ही नहीं उठाया है। ये तथ्य सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में संदिग्ध राशन कार्डों की हर जिले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। अब तक 38 हजार से अधिक कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं।

राज्य में फर्जी राशन कार्ड के जरिए राशन की अफरा-तफरी के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। ये प्रक्रिया बरसों बरस से जारी है, लेकिन अब पीडीएस की प्रक्रिया ▶▶ शेष पेज 7 पर

### ये है गड़बड़झाला

इस पूरे मामले में अब ये साफ हो गया है कि किन कारणों से लाखों राशन कार्डों को संदिग्ध माना गया है। इनमें डुप्लीकेट आधार संख्या इंटर स्टेट 86 हजार 200, और इंट्रा स्टेट के 32 सौ 58 है। सदस्य जिनकी उम्र 100 साल से अधिक है उनकी संख्या 1806 है। 12 माह से राशन न उठाने वाले राशन कार्ड 93 हजार 263 है। 6 से 12 माह तक राशन न उठाने वाले कार्डधारी 37 हजार 461, 18 साल से कम उम्र वाले 67 और निष्क्रिय आधार वालों की संख्या 1 लाख 5 हजार 590 है।

### हजारों कार्ड पर महीनों से नहीं उठा राशन



### जिलों में तेज हुई जांच पड़ताल

खाद्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राशन कार्डों की गडबड़िया सामने आने के बाद प्रदेश से सभी जिलों में राशन कार्डों की जांच पड़ताल तेज कर दी गई है। संदिग्ध राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। यह सारा काम एक अभियान के रूप में किया जा रहा है।

## मैक्सिको के ड्रग माफिया पाब्लो एमिलियो से प्रेरित होकर रूपिंदर ड्रग पैडलर का किंग बनना चाहता था

# पाक से ड्रोन के जरिए पंजाब आती थी ड्रग्स की खेप, रायपुर तक सप्लाई, सरगना उगल रहा राज

*राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपाने वाला मुख्य सरगना सहित आधा दर्जन पैडलर को पुलिस ने पंजाब, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों से पुलिस ने 35 लाख रुपए कीमत की 91 ग्राम अफीम, 87 ग्राम हेरोइन चिट्टा, 82 जिंदा कारतूस तथा पिस्टल जब्त किया है। पुलिस गिरफ्त में आया सरगना पूर्व में भी रायपुर में ड्रग तस्करी करने के आरोप पकड़ा जा चुका है। इसके पूर्व वह पंजाब में एनडीपीएस तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में जेल जा चुका है। पता चला है कि वह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए ड्रग्स मंगाता था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आईजी अमरेश मिश्रा ने ड्रग रैकेट का खुलासा करता हुए बताया कि पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपाने के आरोप में रैकेट के सरगना रूपिन्दर सिंह उर्फ पिंदर उर्फ पाबलो, उसकी मां रानो ढिल्लन, नूरानी चौक राजातालाब निवासी नौशाद खान उर्फ नासू, संजय नगर निवासी मोहम्मद खान, बिलासपुर निवासी अरबाज खान तथा धमतरी के एक ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अब तक ड्रग खरीदी-बिक्री करने के आरोप में 42 ड्रग पैडलर गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अब तक दो करोड़ 11 लाख रुपए के हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### आधा दर्जन ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 35 लाख रुपए के मादक पदार्थ, पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त





### ड्रोन से मंगाता था ड्रग, हथियार

पुलिस को पिंदर के पाकिस्तान के ड्रग तस्करों के साथ तगड़े नेटवर्क की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार पिंदर पंजाब में पाकिस्तान से सटे बार्डर में ड्रोन के माध्यम से हेरोइन, अफीम के साथ हथियार और कारतूस मंगाता था। पूछताछ में पिंदर से कई और महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को मिल सकती है।

### नेटवर्क तोड़ने का दावा

*रुपिंदर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पंजाब तथा रायपुर से संचालित एक बड़े ड्रग नेटवर्क को तोड़ने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार पिंदर के नीचे काम करने वाले लवजीत, सुवित श्रीवास्तव सहित अन्य को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार पिंदर अपने साथ पिस्टलर लेकर चलता था।*

### इंटरनेशनल नंबर का करता था उपयोग

पुलिस के अनुसार ड्रग तस्कर अपने ग्राहकों तक वीडियो कॉल, लोकेशन शेयरिंग के माध्यम से ड्रग पहुंचाते थे। ड्रग पहुंचाने के पूर्व क्यूआर कोड भेज कर पैसे ट्रांसफर कराते थे। ग्राहकों से संपर्क करने नेपाल सहित अन्य देशों के मोबाइल नंबर से वाट्सएप कॉल कर उनसे संपर्क करते थे।

### मैक्सिको के ड्रग माफिया से इंस्पायर

पिंदर मैक्सिको के ड्रग माफिया पाब्लो एमिलियो से इंस्पायर था। वह उसके नक्शे कदम पर छत्तीसगढ़ का बड़ा ड्रग माफिया बनने का सपना देख रहा था। इसीलिए पिंदर ने अपना निक नेम पाबलो रखा था। पिंदर के बारे में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक उसने पांच प्रतिशत ड्रग ही ट्रक ड्राइवरों के माध्यम से यहां भेजा है।

### ज्यादातर ड्रग कुरियर से भेजता था

पुलिस उन्हें ट्रेस नहीं कर पाए, इस बात को ध्यान में रखते हुए पिंदर कुरियर सर्विस के माध्यम से ड्रग भेजता था। इसके साथ ही वह बस तथा ट्रेन रूट से यहां ड्रग भेजने का काम करता था। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से जो ड्रग जब्त किया है, उसे पिंदर ने कुरियर के माध्यम से रायपुर भेजा था।

## इंडिया टुडे– सी वोटर के सर्वे के नतीजे, लगातार बढ़ रही लोकप्रियता

# साय पर 41.9 फीसदी जनता ने जताया भरोसा, सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में दूसरे नंबर पर



### सचिवालय की बड़ी भूमिका, सीएम की मंशा को जनता तक पहुंचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंडिया टुडे–सी-वोटर के मूड ऑफ वोटर सर्वे में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कामकाज को लेकर जनता का भरोसा लगातार बढ़ता दिख रहा है। अगस्त 2025 के सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के 41.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उनके कार्य को संतोषजनक बताया है। फरवरी 2025 में 39 प्रतिशत जनता ने भरोसा जताया था। छह महीनों में मुख्यमंत्री के प्रति जनता की संतुष्टि में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि बड़े राज्यों की श्रेणी में उन्हें दूसरे स्थान पर स्थापित करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लोकप्रियता और जनता से मिल रहे प्यार और भरोसे के पीछे सीएम सचिवालय के अधिकारियों की ▶▶ शेष पेज 7 पर

*योजनाओं के संबंध में विष्णु देव साय की सोच और संवेदना को समझकर मुख्यमंत्री सचिवालय ने प्रमुख सचिव सुबोध सिंह के नेतृत्व में एक टीम के तौर पर उसके क्रियान्वयन में अपने आपको झोंक दिया। नतीजा सामने है।*

### सरकार पूरे करेगी सपने और आकांक्षाएं: साय

*मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि जनता के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने राज्य के किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को आश्वस्त किया कि सरकार* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सचिवालय की टीम ने की सतत मानिटरिंग

मुख्यमंत्री सचिवालय की टीम ने विभागों और जिला कलेक्टरों की कार्यप्रणाली की सतत मॉनिटरिंग करते हुए योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव मुकेश बंसल, पी दयानंद, राहुल भगत और बसवराजू ने शिकायतों के समाधान को लेकर संवेदनशीलता दिखाई और लगातार निगरानी भी रखी। ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से फाइलों के निराकरण में गति आई, वहीं भ्रष्टाचार पर प्रहार और प्रशासनिक सुधारों ने शासन की कार्यक्षमता को नई ऊर्जा दी।

## हरिभूमि–आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु की प्रदेश के नए शिक्षा मंत्री से खास मुलाकात

# ऐसा प्रयास करेंगे कि लोगों का विश्वास फिर से सरकारी स्कूलों पर कायम हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के नए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का कहना है कि पहले जमाने में सरकारी स्कूलों का इतना ज्यादा क्रेज था कि उसमें एडमिशन के लिए लोग एप्रोच लगाने का काम करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। डॉ. रमन सिंह की सरकार के समय सरकारी स्कूलों का क्रेज बढ़ा था, लेकिन पांच साल में कांग्रेस सरकार ने ऐसा किया कि सरकारी स्कूलों का क्रेज नहीं रहा। हमारा प्रयास रहेगा कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे लोगों का विश्वास सरकारी स्कूलों पर बढ़े और अपने बच्चों का एडमिशन सरकारी स्कूलों में करवाएं। गजेंद्र यादव से आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जो खास बात की, वह विस्तार से प्रस्तुत है।

- **मंत्रिमंडल विस्तार के लिए कई नाम चर्चा में आते रहे, आपका नाम पहले से सूची में था, अंत तक रहा, क्या सेटिंग बिठाई थी?**
- भाजपा में ऐसी कोई सेटिंग नहीं होती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री संयुक्त रूप से कोई फैसला लेते हैं। मुझे जो नई जिम्मेदारी दी गई है, उसको पूरा करने का प्रयास करेंगे। पार्षद से लेकर पार्टी में विभिन्न पदों पर काम किया। पार्टी को लगा कि इस कार्यकर्ता को मौका देना चाहिए, तो मौका दिया।



- **आपको राजनीति में सियासत में कौन लेकर आए?**
- दाऊ कल्याण सिंह से लेकर मप्र में शिक्षा मंत्री रहे प्रेमप्रकाश पांडेय का भी हमारे निवास में आना-जाना रहता था। हमारे पिता आरएसएस से जुड़े हुए थे। ताराचंद साहू ने उस समय कहा था मैं लोकसभा का चुनाव लड़ रहा हूं। उनके कहने पर मैंने मतदाता पर्ची बांटने का काम किया था, तब मैं पढाई कर रहा था। उस समय ताराचंद साहू भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। इसके बाद हेमचंद यादव जिलाध्यक्ष बने। उन्होंने भी चुनाव लड़ा तो उनके चुनाव में भी पर्ची बांटने का काम मैंने किया। इसके बाद 1998 और 99 सरकार के गिरने से भी चुनाव हुए थे। लगातार पर्ची बांटने के कारण एक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बन गई थी। उस समय संगठन के चुनाव हुए तो हेमचंद यादव ने कहा, वार्ड अध्यक्ष तू ही बन जा भाजपा का, तो मैं भाजपा का वार्ड अध्यक्ष संयोग से बन गया। उस समय पिता जी से हेमचंद यादव ने फोन पर बात भी की थी, उन्होंने मना कर दिया था, इसके बाद भी श्री यादव ने मुझे वार्ड अध्यक्ष बना दिया। इसको लेकर पिता जी नाराज भी हुए थे। दिसंबर 1999 में नगरीय निकाय चुनाव हुए तो मैं जिस वार्ड से था, वह वार्ड ओबीसी आरक्षित हो गया तो पार्टी के निर्देश पर पार्षद का चुनाव लड़ा। ▶▶ शेष पेज 7 पर

## रिटायर्ड आईएएस हैं रीता शांडिल्य

# पीएससी को मिली पहली महिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

2002 बैच की रिटायर्ड आईएएस रीता शांडिल्य



पीएससी की नई अध्यक्ष होंगी। इस संदर्भ में राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। वे अक्टूबर 2024 से पीएससी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अब तक पीएससी अध्यक्ष और उनका कार्यकाल

- **मोहन शुक्ला :** 26-05-2001 से 02-10-2004
- **अशोक दरबारी** : 22-10-2004 से 20-04-2008
- **बीएल ठाकुर :** 12-09-2008 से 23-08-2011
- **प्रदीप जोशी :**

▶▶ शेष पेज 7 पर

# पीएम मोदी को अपशब्द कहने पर पटना में हंगामा भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हिंसक भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में पटना में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ताओं में जमकर लाठी-डंडे, चले और पथराव भी हुआ जिसमें दोनों ही पक्षों के कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं तो कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। हालात ये बने कि पुलिस को हाथ में पिस्टल लेकर इस हंगामे को शांत करना पड़ा है। इधर पुलिस ने पीएम को अपशब्द कहने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।



### जितनी गालियां देंगे, कमल उतना खिलेगा: शाह

इस घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर नीतीश तक कई नेताओं ने नाराजगी जताई है। शाह ने कहा विपक्षी जितनी गालियां देंगे कमल उतना तेजी से खिलेगा। कांग्रेस और आरजेडी के मंच से जिस प्रकार पीएम मोदी के लिए अपशब्द कहे गए वह निंदनीय है।

### असत्य और हिंसा टिक नहीं सकते : राहुल

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है- हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे।

## भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड कहने वाले को जवाब

# भारत की जीडीपी ने लगाई बड़ी छलांग, तिमाही में 7.8% वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें विकास दर में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह संख्या सभी जीडीपी आकलन से आगे निकल गई है। अधिकांश विश्लेषकों ने पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.5 से 7 प्रतिशत के आसपास आंकी थी। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है।




### आरबीआई के अनुमान से अधिक

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी पिछली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए 6.5 प्रतिशत के पूर्वानुमान लगाया था।

### कृषि क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन

*मंत्रालय के मुताबिक, इस तिमाही में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में सकल मूल्य वर्धित वृद्धि दर 3.7 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। विनिर्माण में दर 7.7 प्रतिशत और निर्माण में 7.6 प्रतिशत रही, जो इस तिमाही में 7.5 प्रतिशत से अधिक रही। खनन एवं उत्खनन में -3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य उपयोगिता सेवा क्षेत्र में 0.5 प्रतिशत की मध्यम वास्तविक वृद्धि दर देखी गई है।*

### पिछली तिमाही में ऐसा रहा हाल

*वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम तिमाही के जनवरी से मार्च तक की जीडीपी दर 7.4 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इससे पहले आर्थिक विकास दर काफी कम थी, जो जनवरी से मार्च की अंतिम तिमाही में बढ़ गई थी। अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही में जीडीपी दर 6.4 प्रतिशत थी, जबकि इससे पहले की दूसरी तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। पिछली बार जनवरी-मार्च की जीडीपी दर में 6.85 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना थी, जबकि यह काफी बेहतर रही।*

**खबर संक्षेप**

### मनकेली में युवक की बेरहमी से कर दी हत्या

जगदलपुर। बीजापुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में मनकेली निवासी सुरेश कोरसा पिता लच्छू कोरसा बीती रात अज्ञात हमलावरों ने 27 वर्षीय आदिवासी युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। सुरेश गांव में ही दुकान खोलकर गुजरबसर कर रहा था। उस पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही बीजापुर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की हत्या नक्सलियों ने की है या आपसी रंजिश के चलते हत्या हुई है यह जांच का विषय है बहरहाल पुलिस दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। एसपी बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 29 अगस्त की दरम्यानी रात थाना बीजापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मनकेली पटेलपारा निवासी ग्रामीण सुरेश कोरसा की अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की जा रही है।



### ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

गिधौरी। कुम्हारी स्थित लक्ष्मी राइस मिल के पास शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। युवक ट्रक के बीच फंस गया। चालक ने उसे आधे किलोमीटर तक घसीटते हुए ट्रक चलाया। घायल युवक को गंभीर हालत में कसडोल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में कटगी के पास ग्राम कलमीडीह में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश कुमार साहू निवासी ग्राम कैथा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के रूप में हुई है।

## तहसील में प्रकरण प्रस्तुत ही नहीं और ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट हो गया जारी

**इसी आधार पर शहर की तीन छात्राओं का नीट में सलेक्शन**

**ईडब्ल्यूएस के फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर शहर की तीन छात्राओं के नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का मामला सामने आया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा वेरिफिकेशन के लिए भेजे गए पत्र के बाद तहसीलदार बिलासपुर द्वारा इसे जांच में लिया गया। जांच में संबंधितों को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी होना तो दूर, बल्कि इस संबंध में तहसील में कोई प्रकरण प्रस्तुत ही नहीं होना पाया गया। इस मामले में प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नीट 'नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट' की परीक्षा में ईडब्ल्यूएस 'इकॉनामिकली वीकर सेक्शन' से शहर की तीन छात्राओं द्वारा एमबीबीएस में प्रवेश पाया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया सर्टिफिकेट बिलासपुर तहसीलदार द्वारा जारी किया गया है या नहीं यह तो दूर की बात है, संबंधितों के प्रकरण ही तहसील में प्रस्तुत नहीं हुए हैं। शहर की जिन तीन छात्राओं द्वारा फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया गया है, उनमें श्रेयांशी गुप्ता पिता सुनील गुप्ता निवासी गुप्ता डेयरी सीपतरोड सरकंडा, भावना मिश्रा पिता सूरज कुमार मिश्रा निवासी पटवारी गली नया सरकंडा एवं सुहानी सिंह पिता सुधीर कुमार सिंह निवासी सीपतरोड लिंगियाडीह शामिल हैं। इन सभी के द्वारा प्रस्तुत सर्टिफिकेट की सत्यता जांचने के लिए आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा पत्र भेजा गया था। इसकी जांच करने पर तहसीलदार बिलासपुर को इस संबंध में किसी भी तरह का प्रकरण कभी भी तहसील में प्रस्तुत नहीं होने व संबंधितों को कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाने की जानकारी मिली। इस मामले में प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट पाने के लिए ये पात्रता जरूरी

ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए संबंधित छात्र-छात्राओं को पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। संबंधित को सामान्य वर्ग का होना आवश्यक है। ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट चाहने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक की सालाना आय आठ लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभिभावक का करंट ईयर का ही आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। अभिभावक के नाम पर एक हजार वर्गफीट से अधिक भूमि पर बना मकान नहीं होना चाहिए। स्थानीय निवास प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। सारी बातें आवेदक को शपथपत्र के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

### प्रस्तुत नहीं हुआ है प्रकरण

ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी करने के लिए तीनों छात्राओं में से किसी भी नाम से कोई प्रकरण मेरे पास प्रस्तुत ही नहीं हुए हैं। आगे जांच की जाएगी।

-गरिमा सिंह ठाकुर
तहसीलदार, बिलासपुर

### कार्रवाई की जा रही है

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा वेरिफिकेशन के लिए भेजे गए पत्र के बाद की गई पड़ताल में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। तहसीलदार द्वारा तीन छात्राओं में से किसी को भी सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। संबंधितों द्वारा दिए गए पते सही नहीं हैं। न ही दिए गए मोबाइल नंबरों पर कॉल करने से कोई रिस्पांस मिल रहा है। मामले में आगे कार्रवाई की जा रही है।

-मनीष साहू, एसडीएम, बिलासपुर

**गिरे पड़े ध्वस्त मकानों को देख ग्रामीण राहत की आस लगाए कर रहे इंतजार**

## बारिश का सैलाब थम गया, पर छोड़ गया तबाही के निशान



**बस्तर जिला और दक्षिण बस्तर के 3 जिले बीजापुर,दंतेवाड़ा और सुकमा में बारिश ने जमकर कहर बरपाया। सड़कें बह गई, पुल, पुलिया टूट गए और ग्रामीणों के घर मकान जमींदोज हो गए। अब बारिश थम गई है लेकिन तबाही का निशान छोड़ गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**खास खबर**

मुख्यमंत्री के विडियो कान्फ्रेंसिंग से सरकारी अमला हरकत में आया और बाढ़ बारिश से प्रभावित हुए ग्रामीणों को राहत देने का काम युद्धस्तर पर शुरू किया गया। सभी काम छोड़कर 4 जिलों का प्रशासन लोगों को सुरक्षित बचाने के काम में ही लगा रहा। अचानक नदी, नालों में बाढ़ का पानी सड़कों में आ जाने से लोगों को अपने बचाव का समय तक नहीं मिल पाया। पहली बार हेलीकॉप्टर से लोगों को बचाने का काम किया गया। बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा ब्लाक का मांदर गांव पूरी तरह से टापू बन गया। गनीमत है यहां हेलीकाप्टर की सेवा होने से इंद्रावती और अन्य नदी नालों में घिरे लोगों को बचाया जा सका।





### बरबाद फसल और ध्वस्त झोपड़ियों को देख किसान हो रहे परेशान

4 दिनों की भीषण बारिश ने 94 साल का रिकार्ड तोड़ दिया अब उन गांवो में जहां फसल और मकान बरबाद और ध्वस्त हो गए हैं। वहां के किसान सिर पीटकर चिंता में अपनी नष्ट हो चुकी फसल और जमीन में गिर चुके झोपड़ी को देखकर इस आस में है कि यह कब पहले जैसा होगा। वहीं प्रशासन, विधायक समेत पंचायत प्रतिनिधि अपने अपने इलाके में प्रभावितों को मुआवजा देने के काम में लग गए है। विधायक किरण देव एवं विनायक गोयल ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि इतनी तबाही पहले कभी नहीं हुई। वैसे समय पर बाढ़ से घिरे गांव तक राहत पहुंच गई इसलिए जनहानि कम हुई।

### कार बहने से एक परिवार चल बसा

रायपुर से तिरुपति जाने निकला एक परिवार दरभा ब्लाक के कांगेर नाला में अचानक पानी राष्ट्रीय राजमार्ग में आने से बह गया। बताया गया कि दरभा तक वे पहुंच गए थे। लेकिन मूसलाधार बारिश और लगातार बाढ़ की स्थिति के चलते जगदलपुर लौटने का निर्णय उनके लिए भारी पड़ा। वाहन चालक तो निकल गया लेकिन दम्पति और उनकी दो मासूम बच्चियां कार में डोर लॉक होने से निकल नहीं पाए जो उनकी समाधि बन गई। प्रशासन ने एबुलेंस से उनके शव तमिलनाडु भेजने की व्यवस्था की।

**अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता**

## मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार विस्फोटक व नक्सल साहित्य बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

पुलिस और सुरक्षा बलों को संयुक्त नक्सल विरोधी माड़ बचाव अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। नारायणपुर थाना कोहकामेटा क्षेत्र के अबूझमाड़ जंगल में हुई मुठभेड़ के बाद जवानों ने भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और नक्सल साहित्य बरामद किया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान माओवादी अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। जवानों की जवाबी कार्रवाई से वे जंगल और नालों का सहारा लेकर भाग निकले। इसके बाद की गई सर्चिंग में एलएमजली, एके 47 त्रिची, इंसास, एसएलआर, स्टेनगन, पिस्टल, भरमार बंदूक सहित 100 से अधिक हथियार और बीजीएल लांचर, ग्रेनेड, डेटोनेटर, जीपीएस सेट, रिमोट स्विच जैसी सामग्री बरामद की गई। अभियान का नेतृत्व आईजी बस्तर सुन्दरराज पी, डीआईजी कांकेर अमित तुकाराम काम्बले और एसपी नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया के मार्गदर्शन में किया गया।

### आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नहीं: आईजी

एसपी रोबिनसन गुड़िया ने कहा कि अबूझमाड़ के निवासियों को नक्सल विचारधारा से मुक्त कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही पुलिस का उद्देश्य है। वहीं आईजी सुन्दरराज पी. ने कहा कि 2025 में माओवादियों को गहरी क्षति पहुँची है, अब उनके पास हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस कार्रवाई से माओवादियों को भारी रणनीतिक नुकसान हुआ है। यह साफ संदेश गया है कि अब माड़ का कोई भी क्षेत्र नक्सलियों के लिए सुरक्षित नहीं है।







हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



लैंडस्लाइड से पहाड़ के बड़े-बड़े पत्थर गिरे, कोई जनहानि नहीं

भू-स्खलन के बाद वन विभाग मैदानी कर्मी पहाड़ स्थल का कर रहे सर्वे

खास खबर

# बस्तर के सरगीगुड़ा में इतना तेज बरसा पानी कि 500 मीटर ऊंचा पहाड़ हो गया समतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला लोहंडीगुड़ा ब्लॉक की लालगुड़ा पंचायत के अंदरूनी क्षेत्र सरगीगुड़ा में बारिश से भू-स्खलन होने के बाद सरगीगुड़ा पहाड़ समतल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार को तेज बारिश के चलते 500 मीटर ऊंचा सरगीगुड़ा पहाड़ बह गया, जिससे बड़े-बड़े पत्थर गिरे, लेकिन गांव की आबादी लगभग



300 मीटर दूर होने के चलते कोई जनहानि नहीं हुई। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी, विभाग के मैदानी कर्मचारी स्थल पर पहुंचे तो पता चला कि सरगीगुड़ा पहाड़ समतल हो गया है। बताया जा रहा है कि यह पहाड़ लगभग 5 एकड़ में था, साथ ही बास्तानार पहाड़ में भी भू-स्खलन हुआ है। यहां कुछ घंटे आवागमन प्रभावित रहा। विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने दोनों पहाड़ का सर्वे करने जुटे हुए है।



### नहीं देखी इतनी तेज बारिश

सरगीगुड़ा गांव के ग्रामीणों का कहना है कि इतनी तेज बारिश पहले नहीं देखी थी। ऐसी बारिश की 500 मीटर ऊंचा पहाड़ बह गया। बारिश के चलते ग्रामीण घर में दुबके रहे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। पहाड़ का भू-स्खलन यदि गांव को होता तो बड़ा हादसा हो जाता।

### बचाव के लिए सावधानी बरतें

वन विभाग के चित्रकोट उप वन मंडलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे ने पर्यटकों एवं ग्रामीणों को कहा कि मानसून के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा के समय सतर्क रहें। बारिश के चलते भू-स्खलन की घटनाएं लगातार हो रही हैं, किसी भी अनहोनी से बचाव के लिए सावधानी बरतें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज लौटेंगे विदेश प्रवास से, विमानतल पर होगा भव्य स्वागत



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास से शनिवार दोपहर रायपुर लौट रहे हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने उनके रायपुर लौटने पर भव्य स्वागत की तैयारी की है। प्रदेश के सभी मंत्री, विधायकों के साथ ही प्रदेश भाजपा के सभी पदाधिकारी स्वागत करने के लिए विमानतल ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सीजेआई ने दो नए जस्टिस को पद की शपथ दिलाई

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। दोनों को 27 अगस्त को उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति पंचोली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची के सेवानिवृत्त होने के बाद अक्टूबर 2031 में सीजेआई बनने की कतार में होंगे।

### रामगढ़ में हाथियों ने एक को कुचलकर मार डाला



**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में प्रसिद्ध रजरप्पा मंदिर को जोड़ने वाले राजमार्ग पर हाथियों के एक झुंड ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान गोला मुरपा गांव निवासी मुस्ताक अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कई घंटों तक राजमार्ग अवरुद्ध किया।

### मयूराक्षी में डूबे सभी चार किशोरों के शव बरामद

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में मयूराक्षी नदी में डूबने से हुई चार किशोरों की मौत के बाद गोताखोरों ने सभी के शव बरामद कर लिए हैं। यह घटना दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के बापूपुर तट के निकट हुई। पुलिस ने बताया 16-17 साल के चार दोस्त दोपहर को मयूराक्षी नदी में नहाने गए थे। जब वे वापस नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। बापूपुर तट के पास नदी किनारे उनके कपड़े और मोबाइल फोन मिले।

### नाले में गिरी कार, चार दोस्तों की डूबने से मौत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक कार के नाले में गिर जाने से उसमें सवार चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना करीब 10 बजकर 40 मिनट पर हुई, जब कार चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार गौंछी नाले में जा गिरी। पुलिस ने बताया कि बचाव अभियान के बाद स्थानीय लोगों ने सभी शवों को बाहर निकाला।

जापान दौरे के दौरान दोनों देशों में कई समझौते हुए

# अमेरिका से बिगड़ते रिश्तों के बीच जापान से साझेदारी, करेगा 59 लाख करोड़ का निवेश

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

अमेरिका से बिगड़ते रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान भारत व जापान दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान अगले 10 सालों में भारत में 59 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उन्होंने जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ चर्चा को 'उत्पादक और उद्देश्यपूर्ण' बताते हुए कहा कि विश्व की 2 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्रों के रूप में भारत-जापान की साझेदारी दोनों देशों के साथ वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। प्रधानमंत्री जापान से ही चीन रवाना हो जाएंगे।

जापानी प्रधानमंत्री इशिबा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 59 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा।। उन्होंने कहा कि 10 वर्षीय भारत-जापान रोडमैप का मुख्य ध्यान निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य पर होगा।

### भारत और चीन को मिलकर काम करना जरूरी

इससे पहले उन्होंने एक जापानी अखबार से बात करते हुए कहा, विश्व अर्थव्यवस्था में अस्थिरता को देखते हुए 2 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और चीन के लिए विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है। दो पड़ोसी और सबसे बड़े राष्ट्रों के साथ आने से दोनों का विकास होगा।

## भारत-जापान लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स में करेंगे साझेदारी



**खास बातें**

- हिंद महासागर पर हुई चर्चा, रक्षा और समुद्री सुरक्षा को मिलकर और करेंगे मजबूत
- वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी जरूरी है दोनों देशों का साथ

### आतंकवाद व साइबर सुरक्षा में चिंताएं एक जैसी

हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और जापान एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा को लेकर भारत और जापान की चिंताएं एक जैसी हैं, हमारे साझा हित रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े हैं। हमने तय किया है कि रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत किया जाएगा।

### भारत-जापान संबंध लगातार बेहतर हो रहे : इशिबा

भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने कहा, जापान की आधुनिक तकनीक और भारत की बेहतरीन प्रतिभा एक-दूसरे की पूरक हैं। इसकी वजह से दोनों देशों के आर्थिक संबंध लगातार बेहतर हो रहे हैं। मेट्रो से लेकर विनिर्माण, सेमीकंडक्टर से लेकर स्टार्टअप तक जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

### भारत आएं दुनिया के लिए बनाएं : मोदी

टोक्यो में भारतीय और जापानी इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने जापानी निर्माताओं से कहा, भारत आएं, दुनिया के लिए बनाएं। उन्होंने कहा कि एक सर्वे के मुताबिक जापानी कंपनिया भारत में काफी मुनाफे में हैं। इसका सीधा मतलब है कि भारत में निवेश की गई पूंजी सिर्फ बढ़ती ही नहीं बल्कि कई गुना हो जाती है। उन्होंने कहा दोनों देशों की साझेदारी आपसी विश्वास का प्रतीक है।

### जापानी पीएम को भारत आने का दिया न्योता

प्रधानमंत्री मोदी ने अगले भारत-जापान शिखर सम्मेलन के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का यह 8वां जापान दौरा है। दोनों देशों के बीच हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर हुए। प्रधानमंत्री मोदी जापान से ही शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे।

### भारतीय समुदाय से की मुलाकात

टोक्यो में पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने भारतीय प्रवासियों की गर्मजोशी और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। पीएम ने इस बात की भी सराहना की कि भारतीय समुदाय जापान में रहते हुए भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों को संजोए हुए है और जापान के समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

### 8वीं बार जापान गए प्रधानमंत्री मोदी

बतौर प्रधानमंत्री मोदी का यह 8वां जापान दौरा है। वे 2 दिन तक जापान में रहेंगे और वहीं से चीन रवाना हो जाएंगे। जापान पहुंचते ही स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका स्वागत किया। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद यह दौरा भारत की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत बनाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

महुआ मोइत्रा के बिगड़े बोल

# अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने गृहमंत्री का सिर काटकर टेबल पर रखने की बात कही है। यह बयान पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठियों पर हो रही कार्रवाई को लेकर दिया। मोइत्रा ने सीमा सुरक्षा बल की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने भाषण में तर्क दिया कि अवैध घुसपैठ की जिम्मेदारी पूरी तरह से केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों की है। मोइत्रा के इस बयान के बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया है। महुआ के बयान को लेकर संदीप मजूमदार नाम के एक भाजपा कार्यकर्ता ने नदिया कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महुआ मोइत्रा ने कहा, 'अगर भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाला कोई नहीं है।

### घुसपैठ की बात पर ताली बजा रहे थे शाह

महुआ ने कहा, 'मेरा उनसे साफ सवाल है। वो सिर्फ कहे जा रहे हैं घुसपैठिया घुसपैठिया घुसपैठिया हमारा जो बॉर्डर है, उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है, वो केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले से कहा कि घुसपैठ हो रही है। जब प्रधानमंत्री यह बात कह रहे थे तो पहली पंक्ति में बैठे गृहमंत्री उनकी बात सुन खीसें निपोर रहे थे और ताली बजा रहे थे।

### बीएसएफ पर भी उठाए सवाल

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब मोदी सरकार भारत में रह रहे रोहिंग्याओं और बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन पुशबैक' शुरू कर चुकी है। महुआ ने कहा कि बीएसएफ यहां है। बीएसएफ क्या कर रही है? हम (मूल निवासी) बीएसएफ से डरते हैं। हमें यहां (बंगाल में) किसी की घुसपैठ नहीं दिखती।

# भुईया हैकिंग कर जालसाजी में बड़े सिंडिकेट का संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राजस्व विभाग के सरकारी खसरे नंबर से फर्जीवाड़े का मामले में बड़े सिंडिकेट के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। प्रकरण में जांच के बाद बड़े लोगों के शामिल होने का भी शक है। प्रकरण के खुलासे के बाद दो पटवारियों पर कार्रवाई की गई है।

नंदिनी पुलिस के मुताबिक इस फर्जीवाड़ा का मास्टर माइंड सुंदर नगर वार्ड सिलतरा रायपुर निवासी दीनू यादव है। ग्राम अछोटी निवासी एस राम बंजारे, सेक्टर 5 नंद किशोर साहू भी इसमें शामिल है। बताया गया है कि राजस्व विभाग के पोर्टल को आरोपियों द्वारा हैक कर सरकारी खसरा नंबर अपलोड कर जमीन को अपना बताया गया। जब लोन के लिए सारे दस्तावेज भी फर्जी तरीके से दीनू ने तैयार कर लिए। फिर फर्जी तरीके से भारतीय स्टेट बैंक शाखा नंदिनी नगर से 36 हजार रुपए आहरण किया। बैंक से रकम निकालने वाले आरोपी दिनू ▶▶|शेष पेज 7 पर

- पुलिस ने कसा शिकंजा, राजस्व महकमे के अफसरों के खिलाफ भी होगी जांच

हरिभूमि फॉलोअप



भुईया सॉफ्टवेयर हैक कर सरकारी जमीन का फर्जी खसरा नंबर बना बटांकन, एक गिरफ्तार

### कई लोगों के शामिल होने की आशंका

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि जिले के राजस्व विभाग के पोर्टल को हैक कर फर्जीवाड़ा करने में बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा था। इसके लिए साजिश रची गई। बताया जा रहा है कि इसमें तीन नहीं, बल्कि नीचे से लेकर ऊपर तक सभी शामिल होने का अंदेशा से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस फर्जीवाड़े में कई बड़े नामों के खुलासे हो सकते हैं। पुलिस ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा

पोर्टल में सरकारी खसरा नंबर का उपयोग कर फर्जीवाडा किया गया है, उस नाम से जमीन ही नहीं है। फरार दीनू के पकड़े जाने के बाद ही पूरा खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच की जा रही है। - **पारसनाथ ठाकुर**, प्रभारी नंदिनी थाना

## साय कैबिनेट में 14 मंत्री बनाए जाने के खिलाफ याचिका, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में साय कैबिनेट में 14 मंत्री होने के मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी गई है। कांग्रेस की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि नियम के अनुसार प्रदेश में मंत्रियों की संख्या विधायकों की संख्या के 15% से ज्यादा नहीं हो सकती। 90 सीटों के हिसाब से इसका रेश्यो 13.5 आता है। वहीं भाजपा ने हरियाणा फार्मूले का हवाला दिया है। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई 2 सितंबर को होगी जिसमें कोर्ट ने राज्य ▶▶|शेष पेज 7 पर

### राज्य की राजनीति के इतिहास में पहली बार

यह राज्य की राजनीति के इतिहास में पहली बार है, जब कुल 14 मंत्रियों का मंत्रिमंडल बना है। भाजपा का कहना है कि छत्तीसगढ़ में भी मंत्रिमंडल विस्तार में हरियाणा ▶▶|शेष पेज 7 पर

## आरएसएस के राष्ट्रीय सरसंघचालक भागवत का शहर आगमन आज

- स्मृति स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में होंगे शामिल



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का शनिवार को बिलासपुर आगमन हो रहा है। आरएसएस प्रमुख श्री भागवत यहां स्व. काशीनाथ गोरे स्मृति स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही रात्रि विश्राम भी बिलासपुर में ही करेंगे। आरएसएस प्रमुख को जेड सुरक्षा प्राप्त है, इसलिए उनके प्रवास दौरान शहर में सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### यह है कार्यक्रम की रूपरेखा

स्व. काशीनाथ गोरे स्मारिका विमोचन समारोह की रूपरेखा इस तरह है। शाम करीब 6.15 बजे माधव मिश्रा द्वारा सांघिक गीत प्रस्तुत किया जाएगा, शाम 6.25 बजे परिचय, शाम 6.30 बजे दीप ▶▶|शेष पेज 7 पर

निवेशकों के लिए होगा आकर्षक मौका

## रिलायंस जियो 2026 की पहली छमाही में लाएगा आईपीओ

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने एजीएम में 44 लाख शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं यह घोषणा कर रहा हूं कि जियो अपने आईपीओ के लिए सभी तैयारियां कर रहा है। हमारा लक्ष्य है कि 2026 की पहली छमाही तक जियो को शेयर बाजार में लाया जाए, बशर्ते सभी जरूरी मंजूरी मिल जाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि जियो अपने ▶▶|शेष पेज 7 पर





- अभी सभी जरूरी मंजूरी मिलना बाकी

### शेयरों की मात्रा की जानकारी नहीं

अंबानी ने जियो के आईपीओ में सूचीबद्ध किए जाने वाले शेयरों की मात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी लेकिन ऐसी अटकलें हैं कि लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची जा सकती है। रिलायंस की सभी डिजिटल संपत्तियों की नियंत्रक इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स में इस समय आरआईएल की 66.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि मेटा (फेसबुक) के पास 10 प्रतिशत और गूगल के पास 7.7 प्रतिशत है। निजी इक्विटी निवेशकों के पास शेष 16 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

1975 में रिलीज हुई जय संतोषी मां फिल्म से जागी आस्था

# 50 वर्षों से गणेश पर्व में स्थापित हो रही माता की प्रतिमा

हफीज़ खान ▶▶| राजनांदगांव

अलग खबर

गणेश पर्व के दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित करने की परंपरा होती है, लेकिन राजनांदगांव शहर के दुर्गा चौक में भगवान गणेश नहीं बल्कि माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित होती है। जिसके पीछे आज से लगभग 50 वर्ष पहले आई फिल्म जय संतोषी मां प्रतिमा स्थापना के लिए प्रेरणा साबित हुई। इस फिल्म से दुर्गा चौक में होटल व्यवसाय करने वाले माता संतोषी के भक्त कार्तिक बाबा की ऐसी आस्था जागृत हुई कि उन्होंने गणेश पर्व में माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू कर दिया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### प्रतिदिन होता है सेवा भजन

इस पूजा पंडाल में प्रतिदिन रात्रि में माता संतोषी की सेवा भजन होती है बीते कुछ वर्षों से इस पंडाल में भगवान गणेश के प्रतिमा भी स्थापित की जाती है, हालांकि यह प्रतिमा काफी छोटी होती है। पहली बार स्थापित हुई माता संतोषी के प्रतिमा शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार वासुदेव कालेश्वर ने बनाई थी। तब से माता की एक ही स्वरुप में प्रतिमा यहां स्थापित की जा रही है।



### स्वर्ण जयंती महोत्सव

इस वर्ष मां संतोषी उत्सव समिति द्वारा अपनी स्थापना काल की स्वर्ण जयंती मनाई जा रही है। जिसमें शुक्रवार को माता के विशेष दिवस पर महाआरती, भजन संध्या, सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा पाठ, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नारियल अर्पण करने उमड़ती थी भीड़

फिल्म की वजह से संतोषी माता के भक्तों की संख्या बढ़ चुकी थी। यहां पूजा पंडाल में माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित होते ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया था। खासकर शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण इस पंडाल में पहुंचकर माता को नारियल अर्पण करते थे। बताया जाता है कि तब वार्ड के लोगों ने एक साथ पहली बार इतना नारियल देखा था।

### 1976 से हो रही स्थापना

कानन कौशल और बेला बोस अभिनीत फिल्म जय संतोषी मां 30 मई 1975 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी से माता संतोषी के प्रति लोगों में गहरी आस्था बन गई थी। लोग इतने प्रभावित हो गए थे कि थिएटर के परदे पर भी रुपए चढ़ाते थे। जो लोग पर्दे तक नहीं पहुंच पाते थे, वह दूर से ही सिक्के फेंकते थे। इस फिल्म के गाने राष्ट्रकवि प्रदीप ने लिखे थे। वार्ड की नागरिक 82 वर्षीया हेमलता और 75 वर्षीय प्रकाश चंद्र यादव ने इस पूजा पंडाल के इतिहास को लेकर बताया कि शहर के श्रीकृष्ण टॉकीज में प्रदर्शित हुई इस फिल्म ▶▶|शेष पेज 7 पर

# चमोली और रुद्रप्रयाग में बादल फटने से तबाही, 11 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

उत्तराखंड में एक बार फिर बादल फटने की घटना सामने आई है। इस बार चमोली और रुद्रप्रयाग में आपदा आई है। चमोली जिले के देवाल ब्लॉक में बादल फटने के बाद बाढ़ आई, जिसमें पति-पत्नी लापता हो गए। घटना में 11 लोगों की मौत होने तथा कई लोगों के घायल व लापता होने के समाचार हैं, जबकि गौशाला ढहने से 20 मवेशी मलबे में दब गए। टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव और रुद्रप्रयाग में भी बादल फटा है। राज्य में गुरुवार देर रात से तेज बारिश हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है। निरंतर अधिकारियों से संपर्क में हूं, आपदा सचिव और जिलाधिकारियों से बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। बाबा केदार से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।'

### पंजाब के 7 जिलों में बाढ़ बचाव अभियान जारी

पंजाब के पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फाजिल्का, कपूरथला और होशियारपुर बाढ़ की चपेट में हैं। इन 7 जिलों के 250 से ज्यादा गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक हजारों लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकाला गया है। राष्ट्रीय आपदा राहत बल, भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल और कई अन्य एजेंसियां बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अधिकारियों और मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### सुखना झील और भाखड़ा बांध के गेट खोले गए

लगातार बारिश के बाद चंडीगढ़ स्थित सुखना झील के 2 फ्लड गेट खोल दिए गए हैं। इससे घग्गर का जलस्तर बढ़ गया है। इसके बाद नदी किनारे बसे गांवों में चेतावनी जारी की गई है। वहीं, भाखड़ा बांध के भी सभी गेट खोल दिए गए हैं। इससे सतलुज नदी में जलस्तर बढ़ गया है। रोपड़, नवांशहर, जालंधर, लुधियाना, फिरोजपुर, तरनतारन और फाजिल्का में प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

### बाढ़ से कम से कम 6 लोगों की मौत

बाढ़ के कारण अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है और 3 लोग लापता हैं। बरनाला में छत गिरने से लखविंदर सिंह नामक व्यक्ति की मौत हो गई। तरनतारन में 11 और 9 साल के 2 बच्चे ईंट भट्ठे के गड्ढे में भरे पानी में डूब गए। माधोपुर और गुरदासपुर में 3 लोगों के नदी में बहने की खबर है। पठानकोट में एक बच्ची भी बह गई है।

### 50 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

भारतीय रेलवे ने भारी बारिश के बाद पंजाब और जम्मू-कश्मीर में 50 से ज्यादा ट्रेनें रद्द कर दी हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि 38 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं, 10 को बीच में ही रोक दिया गया है और 4 को निर्धारित स्टेशन से पहले शुरू किया गया है। इनमें वंदे भारत एक्सप्रेस, श्री शक्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस जैसे ट्रेनें भी शामिल हैं।

### नदियों ने रूद्र रूप धारण किया

रुद्रप्रयाग में अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों के संगम पर जलस्तर खतरनाक तरीके से बढ़ रहा है। नदी का पानी रिहायशी इलाके में घुस रहा है। केदारनाथ घाटी के लावारा गांव में मोटर मार्ग पर बना एक पुल भी तेज बहाव में बह गया है। चेनागाड़ में भी स्थिति गंभीर दिख रही है। टिहरी और रुद्रप्रयाग में भी जनहानि की जानकारी है, लेकिन प्रशासन ने पुष्टि नहीं की है। चमोल के सभी ब्लॉक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### अब डेमोग्राफी बदलने वाले करेंगे पलायन



**लखनऊ।** संभल हिंसा की जांच रिपोर्ट आने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का पहला रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसी भी क्षेत्र की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) को बदलने नहीं देगी और जो ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे खुद पलायन करना पड़ेगा। यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि योगी सरकार इस मुद्दे को लेकर कितनी गंभीर है और किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना चाहती है। दरअसल, प्रतापगढ़ पहुंचे सीएम योगी ने संभल मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### मराठा आरक्षणः जरांगे की भूख हड़ताल शुरू



**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की मुंबई में भूख हड़ताल शुरू हो गई है। मनोज जरांगे शुक्रवार सुबह मुंबई के आजाद मैदान पहुंचे, जहां मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जरांगे और उनके समर्थक एक दिवसीय भूख हड़ताल कर रहे हैं। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ मनोज जरांगे ने बुधवार को जालना जिले के अपने गांव से मार्च शुरू किया था।

### बच्चे से कुकर्म, कलेक्टर-एसपी को भेजा नोटिस

**रुड़की।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तराखंड के रुड़की के झबरेड़ा क्षेत्र में एक मस्जिद के इमाम द्वारा लड़के के साथ यौन कुकर्म के आरोप पर स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रुड़की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है। झबरेड़ा क्षेत्र में इमाम द्वारा 7 वर्षीय लड़के के यौन कुकर्म संबंधी मामले में रुड़की के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस मामले में दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। आयोग ने 20 अगस्त को उत्तराखंड के रुड़की के झबरेड़ा क्षेत्र में एक मस्जिद में इमाम द्वारा 7 वर्षीय लड़के के यौन कुकर्म संबंधी मीडिया की एक रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है।

## पहली बार समुद्री ड्रोन का इस्तेमाल युद्ध में नया मोर्चा खुला

# रूस ने किया घातक ड्रोन हमला, यूक्रेनी नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत को डुबोया

एजेंसी ▸▸| कीव/मॉस्को

रूस ने पहली बार समुद्री-ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए यूक्रेन नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत को डुबो दिया है। रूस ने दावा किया है कि उसने पहली बार सी-ड्रोन का इस्तेमाल कर यूक्रेनी नौसेना के सबसे बड़े जहाज सिम्फरोपोल को डुबो दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन का ये जहाज लागुना-क्लास का मध्यम आकार का रिकॉन्नेसांस (जासूसी) जहाज था, जिसे रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक, रडार और ऑप्टिकल सर्विलांस के लिए डिजाइन किया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय के रिपोर्ट में कहा गया है, कि यह हमला डेन्यूब नदी के डेल्टा क्षेत्र में किया गया था और इसमें पहली बार समुद्री ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है और ये हमला पूरी तरह से सटीक रहा है। ये क्षेत्र जो आंशिक रूप से यूक्रेन के ओडेसा क्षेत्र में आता है। रूसी मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है, कि यह पहला मौका है जब सी-ड्रोन का इस्तेमाल कर यूक्रेन की नौसेना के किसी जहाज को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया। ये हमला एक केस स्टडी इसलिए बन गया है, क्योंकि अभी तक हवाई युद्ध में ड्रोन इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन समुद्री ड्रोन ने दनिया के महंगे महंगे जहाजों को खतरे में डाल दिया है।




### सिम्फेरोपोल की खासियत

सिम्फेरोपोल को साल 2019 में लॉन्च किया गया था। इसे साल 2021 में यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। इसकी खासियत ये है कि 2014 के बाद कीव की तरफ से लॉन्च किया गया सबसे बड़ा जहाज है। ये मुख्य रूप से टोही और निगरानी अभियानों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ये अत्याधुनिक सेंसर और रडार से लैस है। वहीं रूसी टेलीग्राम चैनल वॉरगोंजो ने इसे यूक्रेन की नौसेना क्षमता पर एक बड़ा झटका बताया।

### यूक्रेनी नौसेना की समुद्री ताकत का प्रतीक



रूसी टेलीग्राम चैनल वार गोंजो ने रिपोर्ट दी है कि यह जहाज, यूक्रेनी नौसेना की समुद्री ताकत का प्रतीक माना जाता था, जिसे अब ड्रोन टेक्नोलॉजी से तबाह कर दिया गया है। दूसरी तरफ रूस ने हाल के महीनों में नौसैनिक ड्रोन और अन्य अनमैन्ड सिस्टम्स के उत्पादन को तेज किया है, जो अब यूक्रेन युद्ध में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच, रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में एक बड़े ड्रोन निर्माण केंद्र पर भी मिसाइल हमले किए हैं। यूक्रेनी राजनेता इगोर जिनकेविच के दावों के मुताबिक, यह केन्द्र तुर्की के मशहूर बायरकतार टीबी-2 ड्रोन तैयार करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी।

### हमले में एक क्रू मेंबर की मौत कई घायल

यूक्रेनी अधिकारियों ने भी पुष्टि की है, कि रूस ने उसके जहाज पर घातक हमला किया है। कीव इंडिपेंडेंट ने यूक्रेन नौसेना प्रवक्ता के हवाले से लिखा है, कि हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेनी नौसेना के प्रवक्ता ने कहा है कि 'हमले के बाद की स्थिति को संभालने के लिए कोशिशें की जा रही हैं और ज्यादातर चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, लेकिन कई लापता नाविकों की तलाश अभी भी चल रही है।' यूक्रेनी नौसेना का जहाज साल 2019 में लॉन्च हुआ था और दो साल बाद यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। एक्सपर्ट्स का मानना है कि समुद्री ड्रोन का इस्तेमाल होना युद्ध के एक नये मोर्चे को खोलता है और सिम्फ्रोपोल जहाज का डूबना यूक्रेन के लिए मनोवैज्ञानिक और सामरिक मोर्चों पर उसके मनोबल को बुरी तरह से तोड़ेगा।

## बिटकॉइन घोटाला

# पूर्व विधायक, पूर्व एसपी समेत 14 को उम्रकैद

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद



अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) जगदीश पटेल और 12 अन्य को 2018 के बिटक्वाइन जबरन वसूली मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अहमदाबाद सत्र न्यायालय के न्यायाधीश बी बी जादव ने सूरत के बिल्डर शैलेश भट्ट और उनके साथी का 2018 में गांधीनगर से अपहरण करने और उस समय 32 करोड़ रुपये मूल्य के 200 बिटक्वाइन की जबरन वसूली में लिप्त रहने को लेकर कोटडिया, पटेल और अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। कोटडिया ने 2012 से 2017 के बीच अमरेली की धारी सीट का प्रतिनिधित्व किया था।

### तीन महीने तक चली अंतिम बहस

ये मामला 2018 का है, जिसमें गुजरात सत्र न्यायालय ने तीन महीने तक चली अंतिम बहस के बाद फैसला सुनाया है। मामले की जांच के दौरान सरकार की ओर से 172 गवाहों से पूछताछ की गई। इस मामले में मुख्य आरोपियों में भाजपा के पूर्व विधायक कोटडिया, तत्कालीन अमरेली जिला पुलिस अधीक्षक सहित अलावा वकील केतन पटेल समेत अन्य लोगों को दोषी ठहराया गया है।

### शैलेश भट्ट का किया था अपहरण

यह मामला बिल्डर शैलेश भट्ट के अपहरण और बिटकॉइन जब्ती से जुड़ा है। इस केस में आरोप लगा था कि पुलिस अधिकारियों ने शैलेश भट्ट का अपहरण कर लिया और उन्हें गांधीनगर ले जाकर उनके बिटकॉइन छीन लिए। इस घटना में पूर्व विधायक नलिन कोटडिया एसपी जगदीश पटेल और इंस्पेक्टर अनंत पटेल की भी संलिप्तता सामने आई थी। शैलेश भट्ट के वकील राजेश रूपारेलिया ने सरकार के मामले का समर्थन नहीं किया। ईडी की जांच में सामने आया था कि शैलेश भट्ट ने सतीश कुंभानी से अपना निवेश वापस पाने के लिए उनके दो कर्मचारियों का अपहरण कर लिया और अपहृत कर्मचारियों की रिहाई के बदले 2,091 बिटकॉइन, 11,000 लाइटकॉइन और 14.50 करोड़ रुपये नकद वसूले। बिटकनेक्ट कॉइन के प्रमोटर सतीश कुंभानी पर 2017-18 में लोगों को कंपनी में निवेश करने का लालच देकर आम जनता को ठगने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद, सतीश कुंभानी ने जनवरी 2018 में बिटकनेक्ट कॉइन और उसके लैंडिंग प्लेटफॉर्म की बिक्री अचानक बंद कर दी और जनता का पैसा हड़पकर फरार हो गया।

## मंदिरों की संपत्ति को लेकर हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# 'सरकारी उपयोग के लिए नहीं है भगवान का पैसा'

एजेंसी ▸▸| चेन्नई



मद्रास हाई कोर्ट ने मंदिर के पैसे से मैरिज हॉल बनाने के एक सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मंदिर के पैसे को किसी सार्वजनिक या सरकारी पैसे के तौर नहीं देखा जा सकता। मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने कहा कि मंदिर का पैसा केवल भगवान का होता है, इसका इस्तेमाल सरकारी काम में नहीं किया जा सकता। दरअसल, हाई कोर्ट के जस्टिस एस.एम. सुब्रमण्यम और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की खंडपीठ ने कहा कि मंदिरों को अर्पित की गई धनराशि और दान की गई संपत्ति देवता की है, इसलिए देवता ही इसके असली मालिक हैं। कोर्ट ने कहा मंदिर लाभ कमाने वाली संस्थाएं नहीं हैं और उनका धन हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) अधिनियम की विभिन्न धाराओं में उल्लिखित वैधानिक उद्देश्यों के दायरे में ही रहना चाहिए।

### कोर्ट ने की कानून की व्याख्या

हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने कहा कि व्याख्या का विस्तार करके मंदिर के धन का दुरुपयोग करने का सरकार का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसके परिणामस्वरूप हिंदुओं के अपने धर्म को चुनने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा।

### मंदिर के कामों का कहां हो इस्तेमाल?

हाई कोर्ट ने कहा कि यह अधिनियम सरकार को हिंदू धार्मिक संस्थाओं की निगरानी का अधिकार देता है लेकिन राज्य को यह सुनिश्चित करना होगा कि मंदिरों के धन का उपयोग केवल भक्तों या दानदाताओं की इच्छानुसार धार्मिक उद्देश्यों के लिए ही किया जाए। अदालत ने कहा कि इस तरह के योगदान का उपयोग मंदिर के उत्सवों, रखरखाव या मंदिरों के विकास के लिए किया जाना चाहिए। इसका उपयोग सरकारी कामों के लिए नहीं होना चाहिए।

## पुलिस पर अटैक...



**मेदान।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा के मेदान में शुक्रवार को दंगा पुलिस और सांसदों के भत्ते का विरोध कर रहे छात्रों के बीच झड़प हुई। एक डिलीवरी राइड की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जमकर बवाल काटा।

### पाकिस्तान से आए हिंदुओं को नहीं किया जाए बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली में स्थित मजनू के टीला में रहने वाले पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने शरणार्थियों को यहां से हटाने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने केंद्र और डीडीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 30 मई के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए अपना फैसला सुनाया है। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 30 मई को शरणार्थियों को हटाने के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद शरणार्थियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। वकील विष्णु शंकर जैन ने एकतरफा अंतरिम रोक की मांग की थी।

## उपराष्ट्रपति चुनाव : सोरेन की गिरफ्तारी का जिक्र कर पवार ने कही बड़ी बात

### विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी ने की राकांपा चीफ से मुलाकात

# सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद की गरिमा कैसे रखेंगे?

एजेंसी ▸▸| मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब राधाकृष्णन झारखंड के राज्यपाल थे। तब एक मुख्यमंत्री को राजभवन के अंदर गिरफ्तार किया गया था। पवार ने पूछा कि क्या ऐसे व्यक्ति से भारत के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद की गरिमा की रक्षा की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी से मुलाकात के बाद यह बात कही। पवार ने यह भी बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एनडीए उम्मीदवार के लिए उनसे समर्थन मांगा है। गौरतलब है देश के 17वें उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है।

- 9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति चुनाव

**एनडीए उम्मीदवार पर हमला बोला :** शरद पवार ने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर अपनी राय रखी है। उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन पर निशाना साधा। पवार ने पिछले साल हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं राज्यपाल के पद का सम्मान करता हूं। लेकिन मैं यह नहीं भूल सकता कि जब वह झारखंड के राज्यपाल थे, तो आदिवासी समुदाय से संबंध रखने वाले राज्य के मुख्यमंत्री को उनके अनुरोध के बावजूद राजभवन के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया था।



### रेड्डी ने की मुलाकात

पवार ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी से अपने आवास पर मुलाकात के बाद कहा कि विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी का एकमत से समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो भी फैसले लिए, वे आम आदमी के अधिकारों की रक्षा के लिए थे। इसलिए, ऐसे व्यक्ति का इस चुनाव में आगे आना हमारे लिए गर्व की बात है।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं एनडीए उम्मीदवार

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार एक ही बात पर जोर दे रहे हैं कि एनडीए उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, इसलिए सभी को उन्हें वोट देना चाहिए। लेकिन यह हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है। हाल ही में जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के कारण होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव को विपक्ष ने वैचारिक लड़ाई बताया है, क्योंकि संख्याबल सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पक्ष में है।

### सांसदों को पत्र लिखेंगे रेड्डी

उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी दलों के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि वह लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को पत्र लिखकर अपनी उम्मीदवारी पर विचार करने का आग्रह करेंगे। सुदर्शन रेड्डी ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर उन्हें उपराष्ट्रपति के रूप में सेवा करने का अवसर मिला तो वह संविधान की रक्षा करेंगे।

## दुश्मन देश के नेता से की थी फोन पर बात

# थाईलैंड की प्रधानमंत्री शिनावात्रा बर्खास्त

एजेंसी ▸▸| बैंकाक

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने शुक्रवार को देश की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को उनके पद से बर्खास्त कर दिया। अदालत ने पाया कि उन्होंने कंबोडिया के सीनेट अध्यक्ष हुन सेन के साथ फोन पर हुई बातचीत में संवैधानिक नैतिकता के नियमों का उल्लंघन किया है। इस फैसले के बाद पैतोंगतार्न तुरंत ही अपनी लगभग एक साल तक संभाली गई प्रधानमंत्री पद की नौकरी से हट गईं।

पैतोंगतार्न को 1 जुलाई को उनके पद से निलंबित कर दिया गया था, जब अदालत ने उनके खिलाफ मामले की सुनवाई की अनुमति दी थी। इस दौरान उप-प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई ने उनकी जिम्मेदारियां संभाल ली थीं।



## ट्रैक्टर को ओवरटेक करते हुए बाइक चालक की दबने से मौत

**मगरलोड।** ट्रैक्टर का ओवरटेक करते बाइक चालक की दबने से की मौत हो गई। ग्राम हसदा करेली बड़ी चौकी निवासी ताम्रज ध्रुव मोटरसाइकिल साइन होंडा सीजी 05 वी 7855 में अपनी पत्नी को ससुराल से लाने के लिए निकला हुआ था। लगभग 8.30 बजे मेन रोड नवागांव हाईस्कूल के पास कुंडेल से गिट्टी भरकर आ रहे महेंद्रा ट्रैक्टर सीजी 05 जी 7469 को ओवरटेक करने करते समय बाइक चालक युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। सिर व पीठ में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक शेषनारायण पांडे सहित स्टॉफ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा, पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

***जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में तेंदुए का शव मिला है। तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ चार दिन से कराहता पड़ा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे माटवाड़ा से लगे अभयारण्य की पहाड़ी में तेंदुए का ग्रामीणों ने शव देखा। इसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी।


## छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड

द्वितीय तल, उद्योग भवन, रिंग रोड 1, तेलीबांधा रायपुर- 492006
दूरभाष: (0771) 4224600, 4224611 फैक्स (0771) 4066425 ई-मेल: visiteg@gmail.com

**Ref.No. 2469/Yo./649(1)1/25** **Date: 25-08-2025**

**Notice Inviting Request for Proposal (RFP)**

Notice Inviting Request for Proposal (RFP) for Selection of an Agency for the Development of "Chitrotpala Film City" and "Tribal & Cultural Convention Center" at Nava Raipur, Chhattisgarh on Design, Build, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) Model, under Special Assistance to States for Capital Investment (SASCI) scheme of Govt. of India, Ministry of Finance.

The Chhattisgarh Tourism Board (CTB) (the "Authority") has decided to Select an Agency for the development of the subject project. In this regard, CTB is inviting eligible bidders to submit Bid Online through Chhattisgarh e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in/ in Two-cover Bid System, for the subject Project in compliance with the RFP. Details are as mentioned in the below table:

**Name of Project :** Selection of an Agency for the Development of "Chitrotpala Film City" and "Tribal & Cultural Convention Center" at Nava Raipur, Chhattisgarh on Design, Build, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) Model, under Special Assistance to States for Capital Investment (SASCI) scheme of Govt. of India, Ministry of Finance.

| | |
|---|---|
| Date of issue of tender document | : 29.08.2025 |
| Date of Pre-Bid Queries | : 05.09.2025 |
| Last Date for Submission of Bid (Online) | : 03.10.2025 |
| Last Date for Submission of Bid (Offline) | : 06.10.2025 |
| Date of Bid Opening | : 07.10.2025 |

S-45079/5

**Managing Director**
**Chhattisgarh Tourism Board**



## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED

(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-3126/25**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

| S. No | Tender Specification No. | RFX No. of E-Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16-06/ DSPM TPS/S&P/CT/ T-3207/25 | 8100045915 | Work contract for complete rewiring of one 700 HP Loco (D2) along with supply of related relay contactors cables etc & developing the circuit diagram for CT division of DSPM TPS, Korba East | As per Tender Schedule | 13.09.2025 15:30 Hrs. | 14850/- | 590/- |

For More detail, please visit our website at: -**https://www. cspc.co.in**. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

**SUPERINTENDING ENGINEER (Contract)**
**DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST**

SAVE ELECTRICITY



## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी नवागढ, जिला बेमेतरा

क्रमांक/1135/प्र-2/अ.वि.अ./2025 नवागढ़ दिनांक 01/07/2025

**// सार्वजनिक सूचना //**

राज्य शासन के विभाग- कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा उपसंभाग नवागढ के अन्तर्गत चमारी डंगनिया खपरी केषला से जोगीदीप मार्ग का उन्नयन कार्य में आ रही निजी भूमि ग्राम मुरेठी पटवारी हल्का नंबर 25, तहसील नवागढ, जिला बेमेतरा (छ.ग.) की आवश्यकता होने से राज्य शासन विभाग निम्नांकित कृषको की भूमि आपसी सहमति से क्रय नीति 2016 के तहत करना चाहता है।

| क्र. | भू-स्वामी का नाम व पिता / पति का नाम | क्रय करने हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण | |
|---|---|---|---|
| | | ख.नं. | हेक्टे. / वर्ग मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | उमेंद सिंह साहू | 57 | 3600 |

यदि किसी व्यक्ति या संस्था को क्रय-विक्रय या स्वत्व में कोई आपत्ति हो तो वह आधारो एवं सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित दावा / आपत्ति स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 05/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**एवं भू-अर्जन अधिकारी**
**नवागढ़ जिला - बेमेतरा (छ. ग.)**

G- 252603107/1



## संक्षिप्त निविदा सूचना आमंत्रण पत्र

छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर का पत्र क्र. एफ 3/55/2016/50 (पार्ट) नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.03.2025 में निहित निर्देशानुसार सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा निर्माण परियोजना स्तर पर स्थापित की जाने वाली इकाई का बस्तर जिले के विकासखण्ड -बास्तानार में गठित संकुल संगठनो के स्वयं सहायता समूह के द्वारा रीपा केंद्रो मे स्थापित किया जाना हैं। रेडी टू ईट ईकाई में लगने वाली मशीन (इकाई) की स्थापना हेतु पंजीकृत संवेदको/फर्मों से मोहर बंद निविदाएं मशीन सप्लाई हेतु संकुल संगठनों हेतु निविदा आमंत्रण किया जाता है, निविदा निर्धारत प्रपत्र मे ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालीन समय में राशि 1000/- अक्षरी एक हजार रूपये मात्र का डिमांड ड्राफट RANI DURGAWATI CLUSTER SANGHTHAN BADEKILEPAL (संबंधित संकुल संगठनो के मेन एकाउंट के नाम से देय है जो कि नॉनरिफेन्डेबल है) निविदा प्रपत्र आवेदन दिनांक 28.08.2025 से ऑनलाईन डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता हैं। आवेदन पत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की स्थिति मे आवेदन शुल्क निविदा सूचना में उल्लेखित दिशानिर्देशो के अनुसार रहेगा। निविदा की लागत एवं मूल्य इकाई संबंधी समस्त विवरण नियम एवं शर्तें जिला पंचायत के वेबसाईट https://bastar.gov.in/en/notice_category/tenders/ पर देखा जा सकता हैं एवं अधिक जानकारी हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक-आजीविका/ वित्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" से संपर्क किया जा सकता है। निविदा का आवेदन कार्यालय जिला पंचायत-बस्तर, जगदलपुर, जिला-बस्तर पिनकोडः- 494001 में जमा किया जाना है।

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथी: 17.09.2025 समय सायं 05.00 बजे तक।**
**निविदा खोलने की अंतिम तिथी: 22.09.2025 समय प्रात: 12.00 बजे तक।**

**रानी दुर्गावती महिला कलस्टर संगठन**
**बडे किलेपाल, ज.प.- बास्तानार,**
**जिला- बस्तर (छत्तीसगढ़)**

S-45058/1



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला- नारायणपुर (छ.ग.)

Ph. & Fax No. 07781-252913 E-Mail ID-cmho.narayanpur@gmail.com

**क्रमांक 3626/NHM/लेखा/मु.चि.अ/2025-26 नारायणपुर, दिनांक- 25.8.2025**

**निविदा तृतीय आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला नारायणपुर के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रशिक्षण, मीटिंग, एवं कार्यशाला हेतु चाय, नास्ता, पानी एवं भोजन की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों/संस्थाओं से सीलबंद निविदा तृतीय आमंत्रण किया जाता है।

अतः अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निम्नानुसार तिथियों में निर्धारित राशि डी.डी. के माध्यम से 1000 रूपये (शब्दों में- एक हजार रूपये) जमा कर निविदा फार्म एवं नियम शर्त प्रारूप प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त निविदा को www.Narayanpur.gov.in में देखा जा सकता है।

1. निविदा फार्म बिक्री की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 25/08/2025 है एवं निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि दिनांक 03/09/2025 (शाम 5:00 बजे) तक है। निविदा शुल्क राशि 1000 /- रूपये District Health Society Non-NRHM Other Fund Narayanpur के नाम से डी.डी. जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है। अथवा जिले की वेबसाईट www.Narayanpur.gov.in से फार्म डाउनलोड करके District Health Society Non-NRHM Other Fund Narayanpur के नाम से 1000/- का डी.डी. संलग्न कर आवेदन कर सकते हैं।
2. मुहरबंद निविदा कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03/09/2025 समय उपरान्ह 1:00 बजे तक। केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किये जा सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात व किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि 03/09/2025 समय शाम 3:00 बजे।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला- नारायणपुर (छ.ग.)**

S-45062/2



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, जशपुर जिला - जशपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 15.09.2025 ( 17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र.174034 नि.सू.क्र. 2 / व. ले. लि / 2025-26 दिनांक 25.08.2025 | गुरम्हाकोना व्यपवर्तन योजना के शीर्ष, नहर एवं विभिन्न कार्य। | रु. 411.70 लाख |
| सि.नि.क्र.174042 नि.सू.क्र. 3 / व.ले. लि / 2025-26 दिनांक 25.08.2025 | सेमरा तालाब योजना के शीर्ष, नहर एवं विभिन्न कार्य। | रु. 241.73 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 01.09.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ.ग.)**
**कृते - मुख्य अभियंता**
**हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, सरगुजा (छ. ग.)**

G-252603083/2



## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन ( मण्डी) बोर्ड

"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर - 24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन - 0771-2990592,
email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/रायगढ़ मंडी / 44 - 1 / 2025-26/4375 रायपुर, दिनांक 25/09/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति रायगढ़ जिला रायगढ़ अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदरो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 17.09.2025
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 24.09.2025

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस. ओ. आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | फल-सब्जी मंडी प्रांगण पटेलपाली (रायगढ़) में निर्मित डामरीकरण रोड में एक अतिरिक्त लेयर डामरीकरण कार्य। | 85.42 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ. आर. पर |
| 2 | नवीन मंडी प्रांगण पटेलपाली (रायगढ़) के मेन गेट से नहर तक एवं मंडी रोड से बायपास मार्ग में सी.सी. रोड, नवीन मंडी प्रांगण पटेलपाली (रायगढ़) के नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय के सामने निर्मित पार्किंग स्थल में कांक्रीट कार्य पर स्टेम्पड कांक्रीट, 01 नग नवनिर्मित ढका नीलाम चबूतरा पर स्टेम्पड कांक्रीट फ्लोरिंग कार्य तथा पूर्व निर्मित 02 ढका नीलाम चबूतरा के बीच स्थित खुला नीलाम चबूतरा में स्टेम्पड कांक्रीट फ्लोरिंग, 01 नग निर्मित खुला नीलाम चबूतरा को ढका नीलाम चबूतरा, एवं गार्डन का निर्माण तथा वि.खं पुसौर के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोड़ातराई में 02 नग 200 मे.टन गोदाम निर्माण कार्य। | 315.19 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस. ओ. आर. एवं लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. पर |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

**सही /-**
**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति रायगढ़ जिला रायगढ़**

**सही /-**
**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति रायगढ़ जिला रायगढ़**

S-45078/2





## चिंतन

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने 'डेड' कहने वालों को दिया जवाब

दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था ने डेड कहने वालों को एक बार फिर जोरदार तमाचा लगाया है। सभी अनुमानों को पछाड़ते हुए भारत की जीडीपी 7.8% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही। यह पिछली पांच तिमाहियों में सबसे ज्यारदा है। अर्थशास्त्रियों के एक ईटी पोल ने पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 प्रतिशत से 7 के बीच रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.5% का अनुमान लगाया था, लेकिन तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था ने सभी अनुमानों को झटका दे दिया। असल में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 52 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जिससे विकास को बढ़ावा मिला। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने, आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती और अनुकूल मानसून से आने वाली तिमाहियों में खपत को समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। तय है कि अगले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था को और भी तेज रफ्तार मिलेगी। यह उनके लिए सबसे बड़ा झटका होगा जो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। यह कथन सिर्फ ट्रंप की अज्ञानता की निशानी भर था। भारत डेड इकॉनमी तो कहीं से नहीं है बल्कि वह वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था में रफ्तार का इंजन है। यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका आकार लगभग 4 ट्रिलियन है। जल्द ही यह जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और बीते 10 वर्षों से लगातार इसकी गति बढ़ रही है। वर्ष 2015-25 के बीच भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 6%-6.5% रही है। जबकि इस बीच भारत ने कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और दूसरे वैश्विक संकट झेले। भारत के मुकाबले चीन इस दौरान 6% या उससे नीचे की ही रफ्तार से बढ़ा है। भारत वर्तमान में वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 17 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। यह आगे चलकर इसके 20 होने का अनुमान है। भारत इसी के चलते वैश्विक ग्रोथ का इंजन बना हुआ है। उसकी अर्थव्यवस्था का आकार 2015-25 में 105 फीसदी बढ़ा है, जो पूरी दुनिया को हैरान करने वाला है। जिस भारत को डोनाल्ड ट्रंप डेड इकॉनमी बता रहे हैं, वह वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की आबादी 140 करोड़ से ज्यादा है। यह अभी और बढ़ेगी। वर्तमान में भारत का मध्यम वर्ग लगभग 60 करोड़ है। यह मध्यम वर्ग 2047 तक 100 करोड़ पहुंचने के आसार हैं। यही मध्यम वर्ग वर्ष 2030-2031 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर की खपत करेगा। ऐसे में विश्व की कम्पनियों का धंधा भी चीन के अलावा भारत के ही भरोसे होगा। इतना बड़ा मध्यम वर्ग उसे और कहीं नहीं मिलेगा। भारत सिर्फ बड़ा बाजार ही नहीं है बल्कि बहुत ऐसी ऐसी चीजों की फैक्ट्री भी है, जिन पर विश्व निर्भर है। भारत विश्व में जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है। अमेरिका भी वर्तमान में भारत निर्मित जेनेरिक दवाओं पर निर्भर है। भारत का फार्मा एक्सपोर्ट वर्ष 2030 तक 5.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा भारत भले ही कच्चे तेल का बड़ा उत्पादक ना हो लेकिन वह तेल की रिफाइनरी के मामले में बहुत आगे है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तेल रिफाइन करने वाला देश है। इसके अलावा गाड़ियां, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक समेत बाकी कई वस्तुओं का भारत बड़ा सप्लायर है। इतना सब होने के बाद भी कोई इसे डेड इकॉनमी कहे तो इसे पागलपन के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।

# मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

नेशनल मेडिकल कमिशन 'एनएमसी' के प्रमुख ने हाल ही में उम्मीद जताया है कि चालू शैक्षणिक सत्र में देश में मेडिकल शिक्षा के आठ हजार स्नातक और स्नातकोत्तर सीटें बढ़ सकती है। वर्तमान में देश के मेडिकल कॉलेजों एमबीबीएस की 1,18,098 सीटें हैं जिसमें 59,782 सीटें सरकारी तथा 58, 316 प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में है। इसी प्रकार पोस्ट ग्रेजुएशन की 53,960 सीटें हैं जिसमें 30,029 सरकारी और 23,931 निजी संस्थानों में है। आशाजनक यह कि बीते 10 सालों में मेडिकल की सीटों में दोगुनी से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है साल 2015 में 56,908 एमबीबीएस की सीटें थीं। केंद्र सरकार ने इस साल के बजट में चालू साल में मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ाने की घोषणा की है। गौरतलब है कि साल 2011 में जहां 314 मेडिकल कॉलेज थे वहीं 2025 में यह संख्या 780 तक पहुंचने की संभावना है जो वैश्विक सूची के लिहाज से शीर्ष क्रम पर होगा जबकि ब्राजील 389 मेडिकल कॉलेज के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था और विशाल जनसंख्या वाले देश में सरकारों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया बहुत बड़ी चुनौती है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र में डॉक्टर ही होता है लेकिन भारत में मेडिकल कॉलेजों की कमी के चलते दुर्गम ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टरों की किल्लत दशकों से बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में देश में 13.86 लाख रजिस्टर्ड एलोपैथी डॉक्टर हैं जिसमें 80 फीसदी चिकित्सक पेशे में सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'ड्ब्ल्यूएचओ' द्वारा तय जनसंख्या- डॉक्टर के मुताबिक 1000 आबादी पर एक डॉक्टर की उपलब्धता निर्धारित है जबकि वर्तमान में यह अनुपात 1800 आबादी में एक डॉक्टर का है। इस लिहाज से भारत को साल 2030 तक 20.7 लाख डॉक्टरों की जरूरत होगी। दूसरी ओर संसद के बीते मानसून सत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने बताया है कि यदि देश में पंजीकृत एलोपैथी और आयुष चिकित्सकों के आंकड़े को देखें तो देश में 811 आबादी पर एक चिकित्सक की उपलब्धता होने का अनुमान है जो ड्ब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानक से बेहतर है।

देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और चिकित्सकों की कमी को ध्यान में रखते हुए बीते 10 वर्षों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा हर जिले में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद की जा रही है जो समयोचित कदम है। सरकार के मंशानुरूप एनएमसी ने नये मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जरूरी आवश्यक मापदंडों जैसे जमीन, अधोभूत संरचना, मानव संसाधन सहित अन्य में रियायत भी दी गई है। एक दशक पहले मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के दौर में कौंसिल के सख्त मापदंडों के चलते मेडिकल कॉलेज खोलना टेढ़ी खीर थी। इधर एनएमसी के रियायत और सरकार के प्रोत्साहन के चलते विभिन्न राज्य सरकारों तथा निजी प्रबंधनों में मेडिकल कॉलेज खोलने की होड़ मची हुई है। आलम यह है कि " कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा" की तर्ज पर सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं जहां शिक्षकों से लेकर जरूरी संसाधन अस्थाई तौर पर जुगाड़ा जा रहा है। इस होड़ के चलते सबसे बड़ी चुनौती इन मेडिकल कॉलेजों के शिक्षा की गुणवत्ता की है।

बीते कुछ सालों के दौरान खुले मेडिकल कॉलेजों की बात करें तो अधिकांश कॉलेजों में मेडिकल टीचर्स खासकर हायर फैकल्टी यानि प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर की भारी कमी है वहीं संबद्ध अस्पतालों में मरीजों का टोटा है।अनेक कॉलेजों में हास्टल, लायब्रेरी, क्लासरूम, फर्नीचर, प्रायोगिक अध्ययन हेतु उपकरण और रिएजेंट की कमी है तो अस्पतालों में प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ, बिस्तर, इमरजेंसी वार्ड, नैदानिक उपकरणों का आभाव है। खबरों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों और चिकित्सकों के 48 फीसदी पद खाली हैं। उल्लेखनीय है कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता हमेशा से ही नियामक संस्थाओं से लेकर सरकारों के लिए संवेदनशील मुद्दा रहा है क्योंकि यह जनस्वास्थ्य के साथ चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र से जुड़ा मसला है। मेडिकल शिक्षा में छात्रों के लिए जितनी आवश्यकता विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के शिक्षण का है उतनी ही अनिवार्यता अस्पतालों में क्लीनिकल ट्रेनिंग की है। इन परिस्थितियों में यदि कॉलेजों में वरिष्ठ शिक्षकों की कमी हो और अस्पतालों में मरीज तथा जरूरी संसाधनों का टोटा हो तब इसका असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ना लाजिमी है। मेडिकल कॉलेजों में मानव संसाधन से लेकर अन्य संसाधनों के अभाव का खामियाजा भावी डॉक्टरों को ही



उठाना पड़ेगा जिसका असर उनके ज्ञान कौशल और दक्षता पर पड़ना लाजिमी है।

उपरोक्त परिस्थितियों में सरकार और एनएमसी से अपेक्षा है कि वह नये मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति देने के पहले आवश्यक संसाधन और अधोसंरचना की उपलब्धता की पड़ताल सख्ती से करे। देश में नए मेडिकल कॉलेज अथवा पीजी कोर्सेज खोलने तथा सीटों में बढ़ोतरी के लिए निजी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा एमसीआई या एनएमसी के निरीक्षण दल को भारी रिश्वत देने का मामला लगातार उजागर होते रहे हैं। इसी साल जुलाई महीने में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज सहित मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली के 40 मेडिकल कॉलेजों में छापेमारी कर मान्यता के बदले नेशनल मेडिकल कमीशन यानि 'एनएमसी' के निरीक्षण टीम को रिश्वत लेने और देने के आरोप में 3 निरीक्षकों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। लगभग 1300 करोड़ रुपए के घोटाले के इस मामले में देश के 35 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अलबत्ता संसाधन विहीन मेडिकल कॉलेजों के मान्यता के लिए निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा टीचिंग के लिए घोस्ट फैकल्टी यानि कागज पर शिक्षक तथा अस्पतालों में नकली मरीज भर्ती करने का सिलसिला काफी दिनों से जारी है। साल 2010 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के अध्यक्ष डॉ केतन देसाई पर एक मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के ऐवज में 20 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। जांच के दौरान डॉ. देसाई से डेढ़ किलो सोना और अस्सी किलो चांदी तथा कई आलिशान घर भी मिला था जो घोटाले से हासिल किया गया था।

बहरहाल स्वास्थ्य ही किसी राष्ट्र और समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास का बुनियाद होता है लेकिन भारत में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था सदैव ही दयनीय रहा है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को कम बजट आबंटन के चलते देश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या कम थी लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज के खूब फले- फूले हैं। हमारी सामाजिक पृष्ठभूमि में डॉक्टरी आज भी सबसे प्रतिष्ठित पेशा है जिसके चलते देश में स्वास्थ्य सेवा का बाजार लगातार गुलजार रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों ने सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के असंतुलन को दूर करने के लिए ही सरकारी कॉलेज खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया है फलस्वरूप कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों का डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो रहा है। विचारणीय है कि भारतीय डॉक्टर सिर्फ स्वदेश में ही नहीं बल्कि सात समंदर पार विदेशों में भी अपनी मेधा और दक्षता का लोहा मनवा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा के बाजार की बात करें तो भारत दुनिया के लिए सबसे बड़ा मेडिकल टूरिज्म का क्षेत्र बन रहा है जहां विदेशों से बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आ रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक देश में मेडिकल टूरिज्म का बाजार 12.3 फीसदी की दर से बढ़ रही है वर्तमान में यह बाजार 18.2 डॉलर की है जो साल 2035 में 18.2 डॉलर पहुंचने की उम्मीद है। बिलाशक भविष्य में भारत पूरी दुनिया के लिए मेडिकल हब बन सकता है लिहाजा यह आवश्यक है कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रखने की दिशा में सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे और इस क्षेत्र में जारी विसंगतियों को दूर करे आखिरकार यह देश के साख का मुद्दा है।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## डिजिटल लाइब्रेरी

संदीप भूषण



# युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की पहल

फिक्शन और फंतासी की दुनिया में आज धूमकेतु की तरह चमक रही अमेरिकी लेखिका सारा जेनेट मास की प्रसिद्ध कृतियों में 2012 में आईं 'थ्रोन ऑफ ग्लास' सीरीज की किताबें हैं। इसमें वे एक जगह पुस्तकालयों की चर्चा करती हैं। वे कहती हैं कि पुस्तकालय विचारों से भरे रहे हैं, शायद सभी हथियारों में सबसे खतरनाक और शक्तिशाली। यहां हथियार शब्द का इस्तेमाल उन्होंने विचार या मानवीय बुद्धिमत्ता के लिए किया है। सारा के शब्दों को सामने रखते हुए डिजिटल दौर में पुस्तकालयों की जरूरत और भूमिका पर बात करें तो कई रोचक और सराहनीय तथ्य सामने आते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती विचार और ज्ञान को पुराने पड़े पीले पन्नों से उठाकर डिजिटलाइज करने की है। अच्छा लगता है यह जानकर कि यह विवेक आज बिहार जैसे प्रदेश में दिखलाई पड़ रहा है, जहां के समाज और सरकार को लेकर एक खास तरह के पूर्वाग्रह से हम ग्रसित रहे हैं। बिहार सरकार ने इसी दिशा में 'मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना' के नाम से एक बड़ा और दूरदर्शी प्रयास किया है। यह योजना बच्चों और युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो बिहार के हर कोने में शिक्षा के नए साधन उपलब्ध करा रही है। बिहार के दूरदराज के इलाकों में पढ़ाई के संसाधन सीमित रहे हैं, इस कमी के कारण कई युवाओं के सपने उड़ान भरने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। पर यह स्थिति अब बदल रही है। खासतौर पर जब से डिजिटल लाइब्रेरी की नींव पड़ी है, तब से यह कहीं अधिक सुलभ, समेकित और समकालीन शिक्षा का स्रोत बन गई है। अब हर विधानसभा क्षेत्र, पंचायत और कॉलेज में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जहां विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्स, ई-बुक्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी सामग्री पा सकते हैं। बिहार सरकार ने इसके लिए 94 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत कर इस योजना को एक सशक्त राशि के साथ लॉन्च किया है जिसे देखकर शिक्षा के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता झलकती है। तकनीक के सहारे यह योजना युवा पीढ़ी को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें करियर की बेहतर संभावनाओं के लिए तैयार भी करती है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में कम से कम दस कंप्यूटर के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त बैठने की जगह होगी। ऐसे केंद्रों की उपस्थिति से छात्र न केवल अपने स्कूल या कॉलेज के कोर्स ऑनलाइन पढ़ सकेंगे, बल्कि जीईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। साथ ही रोजगार संबंधी ऑनलाइन कोर्स, सरकारी व निजी रोजगार पोर्टल की जानकारी भी मिलेगी, जो युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। डिजिटल लाइब्रेरी केंद्रों में आधुनिक सुविधा का पूरा इंतजाम है। बिजली, पानी, प्रिंटर, स्कैनर, समाचार पत्र और तकनीकी सहायता से लैस ये केंद्र विद्यार्थियों को एक पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराते हैं। पटना में जहां एक मॉडल लाइब्रेरी केंद्र में 60 कंप्यूटर होंगे, वहीं अन्य क्षेत्रीय केंद्रों में भी 50 कंप्यूटर की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। अपनी जगह न होने पर पंचायत स्थानीय भवन को 1 रुपये के सालाना किराए पर लेकर लाइब्रेरी चला सकती है। इस तरह यह पहल जितनी आर्थिक रूप से सशक्त है, उतनी ही व्यावहारिक और सभी के लिए उपलब्ध है। गांव-गांव तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए "जीविका दीदी" मॉडल को अपनाया गया है। 7,953 से अधिक नए डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र खोलकर सरकारी प्रयासों ने युवाओं को हाथ थामने का प्रस्ताव रखा है। स्थानीय महिलाओं और समूहों को लाइब्रेरी संचालन में अवसर दिया जाना समाज के लिए भी संरचनात्मक बदलाव लाएगा। जिस तकनीकी क्रांति की बात हम आज करते हैं, इस योजना ने उसे गांव-गांव तक पहुंचाकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की शुरुआत की है। युवा पीढ़ी आज की बदलती दुनिया के लिए जरूरी डिजिटल कौशल सीखने के लिए इस योजना का बड़ा फायदा लेगी। कंप्यूटर की मूल बातें सीखना, ऑनलाइन जानकारी जुटाना, जॉब पोर्टल पर आवेदन करना और डिजिटल माध्यम से करियर की योजना बनाना अब वास्तविकता का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायता करेंगे, बल्कि राज्य की प्रगति में भी योगदान देंगे। बिहार की यह डिजिटल क्रांति इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान और तकनीक का सही संयोजन नौजवानों को केवल बेहतर आज नहीं देता, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी भी कराता है। इस योजना के माध्यम से बिहार का हर युवा डिजिटल युग में अपनी अलग पहचान बना सकेगा और देश की प्रगति में अपने योगदान से इतिहास रचेगा।

( लेखक आर्थिक मामलों के जानकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना जरूरी है



संकलित
## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
## प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अब अमेरिका को धूल चटाए**

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड़यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। - **विवेक जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### भारत-जापान सहयोग



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत संघ के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा के साथ मेरी बैठक हुई। हमने भारत-जापान सहयोग में प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### श्रद्धांजलि अर्पित



महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर स्मरण और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उन सभी खिलाड़ियों को नमन है जिन्होंने राष्ट्र को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### परियोजनाओं का लोकार्पण



'आंवला नगरी' प्रतापगढ़ में आज 570 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद की समृद्धि यात्रा को और गति प्रदान की। लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण-पत्र के साथ ही विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### अभद्र भाषा का प्रयोग



दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माता जी के विरूद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं।

**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

## करंट अफेयर

# गाजा में महिलाएं और बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे



संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी की प्रमुख ने कहा कि इस सप्ताह गाजा की उनकी यात्रा के दौरान यह ''बहुत स्पष्ट'' था कि फलस्तीनी क्षेत्र में पर्याप्त भोजन नहीं है तथा उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से और अधिक सहायता की तत्काल जरूरत पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा था कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा शहर अकाल की चपेट में है और यदि युद्धविराम नहीं हुआ या मानवीय सहायता पर प्रतिबंध समाप्त नहीं किए गए तो यह पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैकेन ने बताया कि गाजा में भुखमरी जारी है। उन्होंने कहा, ''मैंने गाजा में भुखमरी से जूझ रही माताओं और बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और पूरी स्थिति खुद देखी।'' उन्होंने कहा कि नेतन्याहू '' इस बात से बहुत चिंतित थे कि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है।'' इससे पहले उन्होंने गाजा में अकाल की बात से इनकार किया था और कहा था कि भुखमरी के दावे हमास का दुष्प्रचार अभियान है। मैकेन ने कहा, ''हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें और अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना होगा। हमारे काफिलों के लिए सुरक्षा और वहां तक पहुंचना जरूरी है।''

## ऑफ बीट

# शराब छोड़ने पर जिगर के साथ क्या होता है



वास्तव में, क्या लीवर वापस बढ़ सकता है? लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है। चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। हालाँकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यह लीवर में वसा जमा होने (फैटी लीवर) से लेकर निशान बनने (सिरोसिस) तक होने वाली बीमारी का एक पहलू है और यह आमतौर पर क्षति के अंतिम चरण तक कोई लक्षण पैदा नहीं करता है। सबसे पहले शराब लिवर को फैटी बनाती है। इस वसा के कारण लीवर में सूजन हो जाती है। जवाब में, यह निशान ऊतक का निर्माण करके खुद को ठीक करने की कोशिश करता है। यदि इसे अनियंत्रित जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है और बीच में ''अच्छे'' हिस्सों के छोटे–छोटे द्वीप बन सकते हैं, जिसे सिरोसिस कहा जाता है। सिरोसिस के अंतिम चरण में, जब लीवर ख़राब हो जाता है, तो लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर जून तिमाही में 3.3%




**वाशिंगटन।** अमेरिका की अर्थव्यवस्था में जून तिमाही में तेजी आई है। दूसरे अग्रिम अनुमान में आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत रही। 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी में 0.5 प्रतिशत की गिरावट रहने के बाद जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

### रुपया 61 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर पर



**मुंबई ।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। यह 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के अंत में अमेरिकी डॉलर की मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

**डॉलर 87.90 से 88.70 के बीच रहने का अनुमान :** चौधरी ने कहा, ''...डॉलर-रुपये के हाजिर मूल्य के 87.90 से 88.70 के बीच रहने का अनुमान है।'' इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.94 पर आ गया।

**पहली बार 88 रुपए के पार निकला डॉलर :** यह पहली बार है जब रुपया 88 प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। रुपया 10 फरवरी 2025 को कारोबार के दौरान 87.95 प्रति डॉलर पर पहुंचा था। वहीं पांच अगस्त 2025 को रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.88 पर बंद हुआ था।

## अमेरिका की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न हुई स्थिति

# सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी : गोयल

- सरकार उद्योगों को तनाव व कठिनाइयों का सामना नहीं करने देना चाहती
- उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा क्षेत्र पर असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने को लेकर जल्द ही कई कदम उठाएगी। उन्होंने निर्यातकों को व्यापार के मोर्चे पर किसी देश की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इस उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा जैसे कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है।

### उद्योग जगत से प्रभावित क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह

गोयल ने उद्योग जगत के एक कार्यक्रम में कहा, '' सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आप सभी को किसी एकतरफा कार्रवाई से उत्पन्न वर्तमान स्थिति को संभालने में किसी भी तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

## वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने हरसंभव मदद का आश्वासन

### जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाया जा रहा

केंद्र ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। गोयल ने कहा कि सरकार निर्यात में विविधता लाने के लिए भारतीय दूतावासों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ परामर्श कर रही है।

### घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर जोर



*मंत्री ने कहा, '' हम वाणिज्य मंत्रालय में, अपने दूतावासों के माध्यम से दुनिया के अन्य हिस्सों तक पहुंच रहे हैं ताकि उन अन्य अवसरों की तलाश की जा सके जिनका हम लाभ उठा सकते हैं। हम घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर भी विचार कर रहे हैं.. उन्होंने कहा, '' आप जल्द ही अगले सप्ताह जीएसटी परिषद की बैठक देखेंगे... ताकि इन बदलावों का प्रभाव आप सभी को बहुत जल्दी महसूस हो सके और इससे पूरे घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में मांग को तेजी से बढ़ावा मिल सके।''*

***सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने कदम उठाएगी :*** *गोयल ने कहा, '' मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि आने वाले दिनों में सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने के लिए विभिन्न कदम उठाएगी। इससे घरेलू पहुंच का विस्तार होगा तथा विश्वभर के अन्य बाजारों में पूरक अवसरों की तलाश होगी जिससे हमारी वैश्विक पहुंच बढ़ेगी। परिणामस्वरूप इस वर्ष हमारा निर्यात पिछले वर्ष के निर्यात से अधिक रहेगा।'' मंत्री ने कहा, '' यह वर्ष हमारे आत्मविश्वास को परिभाषित करेगा।''*

### हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा

गोयल ने कहा, '' हम नए बाजारों का रुख करेंगे... मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस साल हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा।'' मंत्री ने कहा कि देश ने अतीत में कोविड-19 वैश्विक महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। निर्माण क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लगभग 10 लाख मकानों की मांग है।

### हम अच्छे व्यापार समझौते के लिए तैयार

10. रोल नंबर, प्रवेश पत्र और परीक्षा स्थल के संबंध में जानकारी CBIC और NACIN की वेबसाइटों पर आइकन/टैब <GSTP/CBLR Exam> के तहत उपलब्ध कराई जाएगी। उसमें प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक भी दिया जाएगा। पात्र आवेदकों को परीक्षा तिथि से 12 दिन पहले प्रवेश पत्र ईमेल द्वारा भी भेजे जाएंगे। लिखित परीक्षा मार्च, 2026 में आयोजित की जाएगी।
11. अभ्यर्थी प्रश्न के उत्तर हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं।
12. सफल उम्मीदवारों को मौखिक परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा, जिसकी सूचना अलग से भेजी जाएगी।
13. पात्रता और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न के लिए, कृपया वेबसाइट (www.cbic.gov.in और www.nacin.gov.in) पर उपलब्ध रेग्युलेशन देखें या निकटतम सीमा शुल्क आयुक्तालय से संपर्क करें। CBLMS पोर्टल पर आवेदन जमा करने से संबंधित प्रश्नों के लिए, उम्मीदवार पोर्टल पर उपलब्ध उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या CBLMS हेल्पडेस्क से cblms-helpdesk@gov.in पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, आवेदन की प्रारंभिक तिथि से लेकर परीक्षा की तिथि तक नासिन द्वारा समर्पित हेल्पलाइन की व्यवस्था ई-मेल cblr-nacinpsm@gov.in पर होगी।

डॉ. एम. सुब्रमण्यम
महानिदेशक

**CBC 15502/11/0005/2526**

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002 (E-mail:cetjusnl@gmail.com**

**e-TENDER NOTICE**
**NIT No. – 363/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| **Name of work** | Design, Engineering, Supply of materials/ equipment, Erection, Testing & Commissioning for connectivity of 132/33 KV Grid Sub-Station, Irba (Sikidiri) to Sikidiri Switchyard (SRHP) through underground 132 KV ( 1C x 630 ) SQMM XLPE copper cable conforming to the latest version IEC 60502-2 for construction and IEC 60840-2004-04 for testing/ IS 7098 (Part-3) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 22,38,06,255.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 44,76,200.00 (On line mode) |
| Completion Period | 03 (Three) Months |
| e-Tender fee | Rs. 15,000.00 + 18% (Online mode). |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 01.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 01.09.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 22.09.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 23.09.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhand tenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

Sd/-
**General Manager C&M (NWBP)**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR.NO.360718 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D**

## पेज एक के शेष

### भुईया हैकिंग कर...

राम यादव, एसराम बंजारे ने साजिश रचते हुए राजस्व विभाग में फर्जीवाड़ा किया। दस्तावेज तैयार कर जमीन के नाम पर लोन के लिए बैंक में दस्तावेज जाम कर रुपए निकालकर 20 लाख 26 हजार 547 रुपए को नन्द किशोर साहू के खाते में ट्रांसफर कर दिया। भनक लगते ही दीनू और एस राम बंजारे फरार है। आरोपियों ने किस तरह राजस्व विभाग में फर्जीवाडा किया है। दीनू के पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### कई लोगों के...

के मुताबिक दिनूराम यादव ने 25 जून 2025 को एसबीआई नंदनी टाउनशिप ब्रांच से 46 लाख का लोन लिया। 2 जुलाई को एक अन्य व्यक्ति ने कुम्हारी ब्रांच से 36 लाख रुपए का लोन लिया है। मामला संभाग आयुक्त के पास पहुंचा तो एसडीएम ने भुईंया ऐप में गड़बड़ी सुधारी। मुरमुंदा पटवारी हल्का के चार गांवों में यह फर्जीवाड़ा सामने आया है।

### साय कैबिनेट में...

सरकार से जवाब मांगा हैं। याचिका में सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्यमंत्री समेत सभी 14 मंत्रियों को पक्षकार बनाया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार में कुछ दिनों पहले तीन नए मंत्री बनाए गए हैं। इससे कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 11 से 14 हो गई है। इसे लेकर शुक्रवार को हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता बसदेव चक्रवर्ती से शपथ पत्र मांगा है। कोर्ट ने जनहित याचिका लगाए जाने के उद्देश्य देखने के लिए याचिकाकर्ता से शपथ पत्र में उसका बैकग्राउंड और समाजसेवा में किए गए कामों की जानकारी मांगी है। राज्य शासन से भी दिशा निर्देश मांगा गया है। **यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1क) का उल्लंघन** : कांग्रेस का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1क) का उल्लंघन है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रियों की संख्या 13 से बढ़ाकर 14 करने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा कि क्या केंद्र से 13 से 14 मंत्री करने की अनुमति मिल गई है। अगर अनुमति है तो यह अच्छी बात है, लेकिन अनुमति नहीं है तो 14 लोगों का मंत्रिमंडल असंवैधानिक है। भूपेश बघेल की ओर से कहा गया है कि मंत्रिपरिषद में 15 प्रतिशत सदस्य के नियम की वजह से 13 मंत्री ही बनाए जा सकते थे। कांग्रेस सरकार में 14 मंत्री बनाए जाने की मांग की गई थी। 28 दिसंबर 2018 में केंद्र को पत्र लिखकर अनुमति मांगी गई थी। विधानसभा में पारित होने के बावजूद केंद्र ने अनुमति नहीं दी थी।

### राज्य की राजनीति के...

फॉर्मूला लागू किया गया था। ज्ञात हो कि हरियाणा में भी छत्तीसगढ़ की तरह कुल 90 विधानसभा सीट हैं। जब हरियाणा में विधानसभा चुनाव हुए तब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। यानी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत कुल 14 मंत्री हैं। अब इसी तरह छत्तीसगढ़ की राजनीति के इतिहास में पहली बार है, 14 मंत्रियों का मंत्रिमंडल बना।

### आरएसएस के राष्ट्रीय...

के कड़े इंतजाम रहेंगे और सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के बिलासपुर प्रवास को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय तिवारी की उपस्थिति में आयोजन समिति के विश्वास जलताड़े व प्रफुल्ल शर्मा ने कार्यक्रम के तैयारियों की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि स्व. काशीनाथ गोरे की पुण्य तिथि अवसर पर लोकहितकारी काशीनाथ स्मारिका का विमोचन संघ प्रमुख मोहन भागवत के मुख्य अतिथ्य में होने जा रहा है। इस अवसर पर 30 अगस्त को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स सभागार में शाम 6.30 बजे स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल होंगे। इस स्मारिका विमोचन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना भी शामिल होंगे तथा समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। आरएसएस प्रमुख श्री भागवत करीब 3 बजकर 55 मिनट पर शहर पहुंचेंगे और सबसे पहले वे शहर स्थित संघ कार्यालय जाएंगे, उसके बाद शाम 6.30 बजे वे सिम्स आडिटोरियम पहुंचेंगे, जहां स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में लगभग सवा घंटे रहेंगे। स्मारिका विमोचन कार्यक्रम के बाद वे स्व काशीनाथ गोरे के निवास उनके परिजनों से मिलने जाएंगे। श्री भागवत रात्रि विश्राम भी शहर में करेंगे। संघ प्रमुख श्री भागवत के आगमन और कार्यक्रम की तैयारी आज चलती रही। संघ कार्यालय से सिम्स आडिटोरियम तक आरएसएस प्रमुख के कारकेट का आज रिहर्सल भी पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया।

### यह है कार्यक्रम की...

प्रज्वलन, शाम 6.35 बजे से 6.40 बजे तक विश्वास जलताड़े द्वारा मंचस्थ अतिथियों का परिचय, शाम 6.40 बजे से 6.45 बजे तक राजकुमार सचदेव द्वारा कार्यक्रम की भूमिका तथा शाम 6.45 बजे से 6.50 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अध्यक्षीय उद्बोधन होगा और शाम 6.50 बजे से 6.52 बजे तक पत्रिका का विमोचन होगा। शाम 6.55 बजे से 7.40 बजे तक राष्ट्रीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का उद्बोधन होगा। इसके पश्चात आभार प्रदर्शन प्रदीप शर्मा द्वारा किया जाएगा, तत्पश्चात सौरभ वर्तक द्वारा कल्याण मंत्र होगा।

### रिलायंस जियो ...

ग्लोबल समकक्षों की तरह ही शेयरधारकों के लिए असीम वैल्यू क्रिएट करने की क्षमता रखता है। यह निवेशकों के लिए एक बेहद आकर्षक मौका होगा।

### 50 वर्षों से गणेश...

तब से लेकर अब तक गणेश पर्व के दौरान माता संतोषी की प्रतिमा स्थापना की जा रही है।

### स्वर्ण जयंती...

प्रसादी वितरण, 56 भोग जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वही 6 सितंबर को हवन, उद्यापन और 7 सितंबर को जस गायकों की प्रस्तुति के साथ मूर्ति विसर्जन होगा।

### 1976 से हो...

के बाद वर्ष 1976 में कार्तिक बाबा ने यहां गणेश पर्व में माता संतोषी के प्रतिमा स्थापित की। वहीं उनके बाद कुछ वर्षों तक यहां रिक्शा स्टैंड में खड़े होने वाले रिक्शा चालकों ने प्रतिमा स्थापित किया और फिर इसके बाद से अब मोहल्ले के लोग माता संतोषी की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे हैं।

### सीएम साय आज...

जाएंगे। इसी के साथ विमानतल से लेकर मुख्यमंत्री निवास तक भाजयुमो और महिला मोर्चा बाइक रैली निकालेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने 10 दिवसीय विदेश यात्रा के बाद छत्तीसगढ़ के लिए एक नया आयाम लेकर आ रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का छत्तीसगढ़ भाजपा शनिवार दोपहर 2 बजे राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर ऐतिहासिक और भव्य स्वागत करेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर–देवघर

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Tender Reference No. : W.R.D./M.I.D.D.D.C.DEOGHAR/F,-01/2025-26 (2nd Call))** **Dated :- 29/08/2025**

| क्रम सं० | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | कन्हाईडीह–कुशमाहा जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | मधुपुर | 1,08,78,237.00 | 2,18,000.00 | 10,000.00 | 02/09/2025 (पूर्वाह्न 10.30 बजे से) | 13/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे तक) | 15/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) | कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल दुमका शिविर देवघर | 7257990512 10 A.M से 5 P.M | 11 माह |
| 2. | दर्वे–धमनी जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | मधुपुर | 1,13,97,396.00 | 2,28,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 3. | रघुनाथपुर–दुलमपुर जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | मधुपुर | 1,25,09,627.00 | 2,51,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 4. | भौराटांड़ जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | मधुपुर | 1,12,04,467.00 | 2,25,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 5. | फतेनाथ जोरिया पर चेकडैम निर्माण | पालोजोरी | 56,90,767.66 | 1,14,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 6. | सितलकुन्डी जोरिया पर चेकडैम निर्माण | पालोजोरी | 63,71,259.42 | 1,28,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 7. | सारवां जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | सारवां | 1,23,80,880.00 | 2,48,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 8. | चितरपुर जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | देवीपुर | 1,45,69,869.00 | 2,92,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 9. | बड़ामेखी बेहंगा जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | देवीपुर | 1,01,24,195.00 | 2,03,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 10. | भवानीपुर जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | करौं | 1,17,36,001.00 | 2,35,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 11 माह |
| 11. | तुलसीटॉड (मोहनाटॉड) जोरिया पर चेकडैम निर्माण | करौं | 56,87,907.14 | 1,14,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |
| 12. | कनुआडीह जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | सोनारायठाड़ी | 91,95,580.62 | 1,84,000.00 | 10,000.00 | | | | | | 10 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही सम्बन्धित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में लॉग ऑन करें।

PR 360732 (Water Resource) 25-26 (D)

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर–देवघर

### शब्द पहेली - 5973



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5972 का हल**



### सूडोकु नवताल - 5983

★☆☆☆☆ सरल



**सूडोकु नवताल - 5982 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# अमेरिकी ओपन : चार साल के बाद नाओमी पहली बार पहुंची तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क



जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई, जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6-1 से हराया। ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो आस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है।

वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी, जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विम्बलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नए कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं, जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं।

## स्वियातेक और सिनेर की शानदार जीत



विम्बलडन चैंपियन स्वियातेक ने नीदरलैंड की 66वीं रैंकिंग वाली सुजैन लामेंस को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया। वहीं विम्लबडन पुरुष एकल खिताब विजेता यानिक सिनेर ने अलेक्सेइ पोपिरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। अमेरिका की कोको गाफ ने डोन्ना वेकिच को 7-6, 6-2 से हराया। उनकी हमवतन अमांडा अनिसिमोवा ने माया जॉइंट को 7-6, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं टॉमी पॉल ने साढे चार घंटे तक चले मैच में नुनो बोर्गेस को 7-6 (6), 6-3, 5-7, 5-7, 7-5 से शिकस्त दी।





## महिला युगल में पहला मैच जीती वीनस

*न्यूयॉर्क। चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन. किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।*

## खबर संक्षेप



### मुंबई में अगले साल विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप

**मुंबई।** अगले साल तीन से नौ अगस्त तक मुंबई में आयोजित होने वाली एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप में 20 से ज्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा, जिसे भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के सहयोग से और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल महासंघ (एफआईएसयू) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। एफआईएसयू अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था है, जो विश्व विश्वविद्यालय खेलों और विश्व विश्वविद्यालय चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट का आयोजन करती है।

### एफआईएच प्रो लीग में शामिल पाक हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी, जिससे उसके 'होम एंड अवे' प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा। इस साल की शुरुआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के जरिए पाकिस्तान को प्रोमोट किया गया। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर यह प्रतियोगिता जीती थी लेकिन बाद में संकेत दिया कि वह 'इस बार प्रो लीग में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार नहीं करेगा।' विश्व संचालन संस्था एफआईएच ने कहा, 'इसलिए नियमों के अनुसार एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया है, जिन्होंने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।'

### डब्ल्यूपीजीटीः अमनदीप ने जीता खिताब



**होसुर।** अमनदीप द्राल ने अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। अमनदीप की यह 2025 सत्र में दूसरी जीत है। उन्होंने तीन दिन में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। उन्होंने युवा अनन्या गर्ग को पछाड़ा जो 2024 में हीरो डब्ल्यूपीजीटी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान गोल्फर रही थीं। वह अंतिम दो होल में एक शॉट की बढ़त बनाए थीं लेकिन अनुभवी अमनदीप खिताब जीतने में कामयाब रहीं। अमनदीप इस तरह इस साल एक से ज्यादा बार खिताब जीतने वाली दूसरी गोल्फर बन गईं। वाणी कपूर ने इस साल चार और स्नेहा सिंह ने दो ट्राफी जीती हैं।

# दलीप ट्रॉफी : आकिब नबी ने रचा इतिहास, 4 गेंदों पर झटके 4 विकेट

नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रहा रोमांचक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



आकिब नबी ने दलीप ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। इस टूर्नामेंट में 4 गेंदों पर 4 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए हैं। आकिब ने हैट्रिक पूरी कर दिग्गज कपिल देव के क्लब में पहुंच गए। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेले जा रहे नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लगातार 4 विकेट लिए।

53वें ओवर में आकिब नबी ने आखिरी तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर ईस्ट जोन की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने सूरज जायसवाल को 10 रन पर आउट कर विकेटकीपर कन्हैया वधावन को कैच कराया। फिर मनीषी को शून्य पर एलबीडब्ल्यू आउट किया और मुख्तार हुसैन को बिना खाता खोले क्लीन बोल्ड कर दिया।

पारी की शुरुआत में आकिब विराट सिंह को 69 रन पर आउट किया और अंततः अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सिर्फ 1 रन पर आउट करके पूर्वी क्षेत्र की पहली पारी का अंत किया और अपने पांच विकेट पूरे किए।



### शमी ने लुटाए 100 रन

टीम इंडिया से बाहर चल रहे अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए दलीप ट्रॉफी में हैरान करने वाला काम किया है। वह ईस्ट जोन टीम का हिस्सा हैं जो नॉर्थ जोन के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में शमी ने गेंदबाजी की और ऐसा प्रदर्शन किया, जिसकी उम्मीद उनसे कभी नहीं की जाती। शमी ने इस मैच में शतक जमाया, लेकिन ये सैकड़ा रनों को लुटाने वाला था। उनकी गेंदबाजी प्रभावी नहीं दिखी और वह आसानी से रन लुटाते रहे। उनको पहली पारी में शमी ने पूरी तरह से निराश किया। नॉर्थ जोन ने 405 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसमें 100 रन तो शमी ने ही बनवा दिए थे। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 23 ओवर फेंके और सिर्फ एक विकेट ही ले पाए। शमी से इस तरह का प्रदर्शन की उम्मीद नहीं रहती है।

### मालेवर ने लगाया दोहरा शतक

भारत के घरेलू क्रिकेट में दलीप ट्रॉफी 2025 में इस समय सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में सेंट्रल जोन की तरफ से 21 साल के दानिश मालेवर और रजत पाटीदार ने कमाल का प्रदर्शन किया है। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने शतक लगाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मालेवर ने दोहरा शतक लगाकर गेंदबाजों की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं। मालेवर ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। वह विरोधी गेंदबाजों के सामने किसी दीवार की तरह खड़े रहे और सधी हुई बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले दिन 219 गेंदों में कुल 198 रन बनाए थे, जिसें 35 चौके और एक छक्का शामिल रहा था। मैच के दूसरे दिन अपने स्कोर में दो रन जोड़ते ही उन्होंने डबल सेंचुरी जड़ दी है।



### मनीषी ने लिए 6 विकेट

झारखंड के जमशेदपुर में जन्मे इस लेफ्ट आर्म स्पिनर मनीषी ने अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए नॉर्थ जोन के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। 21 साल के स्लो लेफ्ट आर्म स्पिनर मनीषी ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ पहले दिन 3 विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरे दिन भी 3 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या छह पर पहुंचाई। उन्होंने इस दौरान 22.2 ओवर की गेंदबाजी की और 111 रन खर्च किए। मनीषी ने टॉप ऑर्डर के तीनों बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया और तीनों ही बल्लेबाज एलबीडब्ल्यू आउट हुए। फिर उन्होंने और 3 बल्लेबाजों को भी आउट किया और वो तीनों भी एलबीडब्ल्यू आउट होकर ही पवेलियन लौटे। मनीषी अपने फर्स्ट क्लास करियर का नौवां मैच खेल रहे हैं।

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

## गुरप्रीत का शानदार प्रदर्शन भारत को दिलाया स्वर्ण पदक





एजेंसी ▶▶| मशिमकेंट

पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले गुरुवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

- मानिनी ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता कांस्य

### मानिनी का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक

युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। जयपुर की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट

## भारतीय मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण के साथ जीते 26 पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में सात स्वर्ण के साथ कुल 26 पदक जीते। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धाएं होंगी। लड़कियों की टीम ने फाइनल में दबदबा कायम करते हुए पांच स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदकों के साथ दबदबा बनाया। लक्ष्मी (46 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि चंद्रिका (54 किग्रा) को चीन की मुक्केबाजी से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय मुक्केबाजों के बीच हुए 46 किग्रा, 60 किग्रा, 66 किग्रा और 80 किग्रा से अधिक की श्रेणियों में अतिरिक्त रजत और कांस्य पदक सुनिश्चित हुए। लड़कों के वर्ग में भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते।

### फलक और राघव जीता गोल्ड

फलक (48 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि ध्रुव खर्ब (46 किग्रा) और पीयूष (50 किग्रा) को करीबी मुकाबलों के हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उदय सिंह (46 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (80 किग्रा से अधिक) ने कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में योगदान दिया।

### नगालैंड ने 151 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोहिमा।** नगालैंड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य 151 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। युवा संसाधन और खेल सलाहकार एसकेओशु यिमखियुंग ने बताया कि राज्य सरकार 'खेलो भारत नीति 2025' के अनुरुप एक नई खेल नीति का मसौदा तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और इसमें खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। इस मौके पर नगालैंड के पुलिस महानिदेशक रुपिन शर्मा ने कहा कि राज्य पुलिस जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी, जिसमें योग्य खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## विश्व चैंपियनशिप : सिंधू का सफर समाप्त, ध्रुव-तनिषा की जोड़ी बाहर

**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का विश्व चैंपियनशिप में छठा पदक जीतने का सपना शुक्रवार को इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से तीन गेम तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारने से टूट गया। सिंधू 2019 की विश्व चैंपियन हैं। इस प्रतियोगिता में पांच बार की पदक विजेता सिंधू रिकॉर्ड छठे पोडियम स्थान पर पहुंचने की उम्मीद कर रही थीं। लेकिन 'फिनिशिंग लाइन' पर लड़खड़ा गईं और 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त वर्दानी से 14-21, 21-13, 16-21 से हार गईं। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। इससे भारतीय जोड़ी के इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की उम्मीद भी टूट गई। उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।



## टाइमिंग के कारण हुई चूक, विश्व चैंपियनशिप तक लय हासिल करने की कोशिश : चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख



भारतीय भाला फेंक नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि डायमंड लीग फाइनल में उनकी टाइमिंग अच्छी नहीं थी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप तक वह लय हासिल कर लेंगे। चोपड़ा लगातार तीसरी बार डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 90 मीटर से अधिक के दो थ्रो फेंककर खिताब जीता।

चोपड़ा ने फाइनल के बाद कहा,' आज टाइमिंग अच्छी नहीं रही और रनअप खराब रहा। अभी हालांकि विश्व चैंपियनशिप में तीन सप्ताह का समय है और मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा।'' चोपड़ा ने इस साल दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन वह कई बार कह चुके हैं कि लगातार इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें अपनी तकनीक में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा,' यह उतना बुरा नहीं था। लेकिन हम विश्व चैंपियनशिप के काफी करीब है लिहाजा सुधार जरूरी है। कुछ चीजें अच्छी रही और कुछ नहीं। आखिरी प्रयास में मैंने 85 मीटर का थ्रो फेंका। लेकिन मैं जूलियन के लिए बहुत खुश हूं, जिसने 91 मीटर का थ्रो फेंका। हम तीन सप्ताह बाद फिर मिलेंगे।'

एशिया कप हॉकी में भारत ने चीन को रौंदकर की विजयी शुरुआत

# चीन पर भारी पड़े टीम इंडिया के जांबाज, हरमनप्रीत ने जड़ी हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को शुरू हुए 12वें एशिया कप में चीन के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की है। भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में चीन को 4-3 के अंतर से मात दी।

चीन ने मेजबान टीम को कड़ी टक्कर दी भारत के लिए तीन गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19, 33, 47) ने और एक जुगराज सिंह(17) ने किया। वहीं चीन के लिए एक-एक गोल डु शिहाओ(11'), चेन बेनहाई(34') और गाओ जिशेंग (41') ने किए। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।



### चीन ने दागा पहला गोल, फर्स्ट हाफ में भारत 2-1 से आगे

मैच की शुरुआत दोनों टीमों ने सधे हुए अंदाज में की। मैच में पहला गोल चीन ने पहले क्वार्टर के 11वें मिनट में करके 1-0 की बढ़त बना ली। चीनी टीम के लिए खाता डु शिहाओ ने खोला। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर का अंत चीन की 1-0 की बढ़त के साथ हुआ। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में जुगराज सिंह(17') ने फील्ड गोल करके भारतीय टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दी। उन्होंने 19वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। हॉफ टाइम में भारतीय टीम 2-1 से आगे थी।

### हरमनप्रीत ने दिलाई बढ़त

मैच के चौथे और निर्णायक क्वार्टर की शुरुआत में भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। हरमनप्रीत ने एक बार फिर कमान संभाली और 47वें मिनट में शानदार ड्रैग फ्लिक करके टीम इंडिया को एक बार फिर 4-3 से आगे कर दिया। इस गोल के साथ ही हरमनप्रीत सिंह ने मैच में अपनी हैट्रिक भी पूरी कर ली। इसके बाद अंतिम 13 मिनट में भारतीय टीम ने आक्रामक रुख बनाए रखा। अंत में और कोई गोल नहीं हुआ और भारत ने मैच 4-3 के अंतर से अपने नाम कर लिया।

### कोरिया ने चीनी ताइपै को दी 7-0 से शिकस्त

एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया ने निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश टीम को एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को 4-1 से हराया जबकि गत चैंपियन कोरिया ने चीनी ताइपै को 7-0 से शिकस्त दी। पूल बी के दूसरे मैच में कोरिया के लिये डैन सोन (17वां, 29वां और 58वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई जबकि जिहुन यांग (27वां और 50वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। सियोंग ने 53वें मिनट में एक गोल किया। कोरिया के लिए 54वें मिनट में यूनहो कोंग और आखिरी मिनटों में सोन ने गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई।


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
V से विकास V से विश्वास
विकास भी, विश्वास भी
माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के सुशासन में छत्तीसगढ़ तेजी से औद्योगिक हब बन रहा है, जिससे श्रमिकों के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण, सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है।
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय
श्री विष्णु देव साय
सफल विदेश प्रवास उपरांत छत्तीसगढ़ आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन
यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में कई प्रभावशाली योजनाएं लागू की जा रही हैं। राज्य में नई औद्योगिक नीति के चलते उद्योगों की संख्या बढ़ रही है, जिससे श्रमिकों को रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। श्रम कल्याण के लिए पंजीयन, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार किया गया है। इन्वेस्टर्स समिट से प्राप्त निवेश प्रस्तावों से आने वाले वर्षों में लाखों श्रमिकों को स्थायी रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री जी की विदेश यात्रा से नए उद्योग आएंगे, जिससे श्रमिकों का भविष्य और उज्जवल होगा।
श्री योगेश दत्त मिश्रा
मान. अध्यक्ष
श्रम कल्याण मंडल
डॉ. राम प्रताप सिंह
मान. अध्यक्ष
छ.ग. भवन एवं अन्य
सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल
श्री लखन लाल देवांगन
वाणिज्य-उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम,
वाणिज्य कर (आबकारी), श्रम मंत्री छ.ग.

# ये हैं गणपति के प्राचीन मंदिर, कहीं मिटते हैं रोग तो कहीं मिलते हैं पैसे उधार

**नई दिल्ली।** देशभर में गणेशोत्सव का उत्साह बेहद खास होता है। 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में लोग भगवान गणेश की मूर्ति को अपने घर में स्थापित करके उनकी पूजा करते हैं। जिसके बाद अनंत चतुर्दशी के दिन धूमधाम से उसे विसर्जित कर दिया जाता है। अगर इन शुभ दिनों में आप भी बप्पा को प्रसन्न करके उनका आशीष और दर्शन करना चाहते हैं तो ये 7 प्राचीन गणेश मंदिर जरूर जाएं।



## श्री सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई

मुंबई का श्री सिद्धिविनायक मंदिर अपनी विशिष्ट वास्तुकला और गणेश जी की दाईं तरफ घुमी हुई सूंड वाली मूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि सिद्धिविनायक मंदिर 16वीं सदी में बनवाया गया था।

## मधुरमहामित गणपति कासरगोड (केरल)



अगर आप सेहत या त्वचा से जुड़े किसी रोग से जुझ रहे हैं तो केरल के इस गणपति मंदिर जरूर आएं। माना जाता है कि मंदिर के तालाब के पानी से नहाने से स्किन और गंभीर बीमारी ठीक होती हैं। बता दें, 10वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण माय पदी राजा ने करवाया था। जो मधुवाहिनी के तट पर स्थित है।



## रणथंभौर गणेश मंदिर, राजस्थान

रणथंभौर गणेश मंदिर को त्रिनेत्र गणेश मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में रणथंभौर किले के अंदर स्थित एक प्राचीन प्रसिद्ध मंदिर है। यह मंदिर भगवान गणेश को समर्पित है और यहां गणेश जी की तीन आंखों वाली मूर्ति विराजमान है।

## उदयपुर का बोहरा गणेश मंदिर



बप्पा का यह मंदिर उदयपुर में स्थित है, जहां गणेश जी ना सिर्फ भक्तों की प्रार्थना सुनते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक रूप से भी मदद किया करते हैं। इस मंदिर की मान्यता है कि यहां पर आने वाले भक्तों को भगवान पैसे उधार देते हैं और जब भक्तों का कार्य सिद्ध हो जाता है तो भक्त ब्याज सहित पैसा वापस लौटा देते है। आज भी यह मान्यता है कि बोहरा गणेश जी का मंदिर में किसी भी भक्त का पैसे संबंधित समस्या हो तो उसका निवारण हो जाता है। दरअसल, अक्सर ब्याज पर पैसे देने का काम बोहरा समुदाय किया करता था, जिसकी वजह से इस मंदिर का नाम बोहरा गणेश पड़ा। हालांकि, यह प्रथा अब बंद हो चुकी है।



## इश्किया गजानन मंदिर, पुणे

पुणे का इश्किया गजानन मंदिर प्रेमी जोड़ों के बीच काफी फेमस है। यहां प्रेमी जोड़े मन्नतें मांगने आते हैं।



## गढ़ गणेश मंदिर, जयपुर

भगवान गणेश का यह मंदिर जयपुर के अरावली पहाड़ियों में स्थित है। यहां भगवान गणेश की बिना सूंड वाली मूर्ति है, जो बहुत ही दुर्लभ है।

## रोचक खबरें



### समंदर किनारे बनी 35 करोड़ की हवेली सिर्फ 1,180 रुपए में हो सकती है आपकी!

**लंदन।** इंग्लैंड के वेस्ट ससेक्स में समुद्र के किनारे स्थित एक आलीशान हवेली, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख पाउंड (करीब 35.5 करोड़ रुपए) है, रैफल हाउस लिमिटेड द्वारा आयोजित एक रैफल के माध्यम से जीती जा सकती है, जो एक ब्रिटिश कंपनी है और प्रॉपर्टी रैफल्स में विशेषज्ञता रखती है। केवल 10 पाउंड (करीब 1,180 रुपए) में, ब्रिटिश नागरिकों के पास अब इस पूरी तरह से फर्निस्ड कोस्टल हाउस (तटीय घर) का मालिक बनने का मौका है, जिसमें छह बेडरूम, पांच बाथरूम, एक ऑरेंजरी, पानी की सुविधा वाला एक लैंडस्केप गार्डन और एक बड़ा सा ड्राइंग रूम है, जिसमें लॉग बर्नर भी है। इस घर का बाहरी भाग सफेद है और इसमें एक बरामदा भी है, जो समुद्र तट से कुछ ही मिनटों की दूरी पर है, जो इसे बड़े परिवारों या मेज़बानी पसंद करने वालों के लिए आदर्श बनाता है। इस प्रस्ताव को और भी आकर्षक बनाने के लिए, इस ड्रॉ में हर एक एंट्री एक दूसरी संपत्ति जीतने का मौका भी देती है, वार्विकशायर में 25 लाख पाउंड का एक ऐतिहासिक सपनों का घर, जो कभी थॉमस क्रॉमवेल के स्वामित्व में था। दोनों संपत्तियों का कुल मूल्य 55 लाख पाउंड (65 करोड़ रुपए से ज़्यादा) है। प्रतिभागियों के पास जीतने पर, घर बदलने के बजाय नकद पुरस्कार चुनने का विकल्प भी है। प्रमोशनल '2-फॉर-1' रैफ़ल 31 अगस्त रात 11:45 बजे तक खुला रहेगा। खरीदे गए हर एक टिकट का मिलान बिना किसी अतिरिक्त लागत के दूसरे ड्रॉ के लिए ऑटोमेटिकली हो जाएगा।

### माउंट फ़ूजी में होता है विस्फोट तो क्या होगा जापान का हाल



**टोक्यो।** जापानी सरकार ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया गया एक वीडियो जारी किया है, जो यह दिखाता है कि माउंट फ़ूजी में विस्फोट होने पर क्या होगा। वीडियो शेयर करते हुए कहा गया कि, 'यह क्षण बिना किसी चेतावनी के आ सकता है।' टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार द्वारा जारी किया गया यह वीडियो जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपायों की जरूरत पर प्रकाश डालने के लिए है। वीडियो में दिखाया गया है कि ज्वालामुखी की राख विस्फोट के 1-2 घंटे के भीतर घनी आबादी वाले टोक्यो में गिरनी शुरू हो जाएगी, जिससे 2-10 सेंटीमीटर राख जमा होने की उम्मीद है, और राजधानी के पश्चिमी हिस्से में 30 सेंटीमीटर तक राख हो सकती है। वीडियो के अनुसार, रेल की पटरियों और रनवे पर राख के कारण ट्रेनें और विमान रुक जाएंगे। विजीबिलिटी कम होने और सड़कों पर फिसलन के कारण वाहन चलाना खतरनाक हो जाएगा। गीली राख के कारण बिजली की लाइनें बाधित होंगी, जिससे व्यापक बिजली कटौती होगी। फ़ोन और इंटरनेट सेवाएं भी बाधित होंगी।







एकता में ताकत

# अब चींटियों के टीमवर्क से बनेगा भविष्य का रोबोट्स

वैज्ञानिक कर रहे चींटियों पर रिसर्च

**सिडनी।** अफ्रीका और दक्षिण प्रशांत के द्वीपों में रहने वाली बुनकर चींटियां पत्तों को जोड़कर अद्भुत घोंसले बनाती हैं। वैज्ञानिक हमेशा से ये जानना चाहते थे कि ये छोटी-छोटी चींटियां इतने बड़े पत्तों को कैसे मोड़ देती हैं। अब, मैक्वेरी विश्वविद्यालय (सिडनी) के वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली बात खोजी है। उन्होंने पाया कि अकेली चींटी से ज्यादा समूह या ग्रुप में काम करने वाली चींटियां ज्यादा ताकतवर होती हैं। करेंट बायोलॉजी पत्रिका में छपे शोध के मुताबिक, बुनकर चींटियां टीम में काम करने बहुत ज्यादा असरदार हो जाती हैं।



### कैसे इतनी ताकतवर हो जाती हैं चींटियां?

अकेली चींटी अपने वजन से 60 गुना तक भार खींच सकती है। लेकिन. जब ये समूह में काम करती हैं तो हर एक चींटी अपने वजन से 103 गुना तक भार खींच पाती है। ये कमाल उनके चिपटिपे पैरों की वजह से होता है। इन पैरों की मदद से वे पत्तियों की सतह पर जंजीर जैसी पकड़ बना लेती हैं, जिससे खींचने में आसानी होती है।

### कैसे की गई ये रिसर्च?

इसका अध्ययन करने के लिए जीवविज्ञानी क्रिस रीड और उनकी टीम ने उत्तर-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया से चींटियों की 6 प्रजातियों को इकट्ठा किया। लैब में उन्होंने बल संवेदकों से जुड़े हुए कागज के टुकड़े इस्तेमाल किए। जब भी चींटियां इन कागजों को मोड़ती तो उनके खींचने की ताकत को मापा जाता।



### रिसर्च में क्या सामने आया?

यह खोज इंसानों से बिल्कुल ही अलग है। इंसान जब भी बड़े समूह में काम करते हैं तो कम ताकत लगाते हैं, जिसे रिंगेलमैन प्रभाव कहते हैं। लेकिन, बुनकर चींटियां इससे उलट काम करती है और ये ग्रुप में काम करके अपनी व्यक्तिगत ताकत को बढ़ाती हैं। अब, वैज्ञानिक ये पता लगाने में जुटे हैं कि आखिरकार चींटियां बिना फिसले अपनी ताकत को कैसे बनाए रखती हैं।

### इस खोज से क्या फायदा मिलेगा?

ये जानकारी रोबोटों की भी मदद कर सकती है। वैज्ञानिक चींटियों से सीखकर ऐसे रोबोट बना सकते हैं जो एक साथ मिलकर भारी सामान उठा सकें या खींच सकें। रीड कहते हैं, बुनकर चींटियां हमें सिखा सकती हैं कि बहुत काम करने वाली रोबोट टीमें कैसे बनाई जाती हैं।

### इस जनजाति ने पहली बार चखा रसगुल्ले का स्वाद

**अदीस अबाबा।** ट्रैवल व्लॉगर ने जब हदजाबे जनजाति के लोगों को सफेद रंग का रसगुल्ला खिलाया तो उनका रिएक्शन देखने लायक था। ट्रैवल व्लॉगर ने हदजाबे जनजाति के इन शख्स को एक कुल्हड़ में रसगुल्ला दिया और जब इन्होंने चखा तो ऐसा रिएक्शन दिया, जैसे कि स्वर्ग में कदम रख दिया हो। इस रसगुल्ले को खाने के बाद यह शख्स इतना खुश हो गया कि नाचने-कूदने लगा। इस वीडियो में यह मोमेंट देखने के बाद आपके चेहरे पर भी मुस्कान आने वाली है।




अटलांटिक महासागर में खिंची नई तबाही की लकीर

## 270 साल पुराने विनाशकारी भूकंप का रहस्य सुलझा



**लिस्बन।** 1755 में पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में आए सबसे अधिक तबाही मचाने वाले भूकंप के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज है। यह भूकंप 8.7 तीव्रता का था और ऑल सेंट्स डे के दिन आया था, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थी और लगभग 85% इमारतें ध्वस्त हो गई थीं। यह यूरोप का सबसे विनाशकारी भूकंप भी माना जाता है। ये भूकंप आजतक वैज्ञानिकों के लिए एक पहेली बना हुआ था, जिसकी गुत्थी अब सुलझा ली गई है।

दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल से परेशान रहे कि इतनी तबाही कैसे मुमकिन थी, जबकि उस क्षेत्र में कोई भी सबडक्शन जोन नहीं था, यानी वो जगह जहां एक टेक्टोनिक प्लेट दूसरी के नीचे खिसकती है। लेकिन, अब इस रहस्य पर से पर्दा हट गया है। नेचर जियोसाइंस में छपे एक नए स्टडी में इसका जवाब सामने आया है।

### अटलांटिक में रिंग ऑफ फायर

इससे भी बड़ी खोज यह है कि अटलांटिक महासागर के नीचे एक नया सबडक्शन जोन बन सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह वही प्रक्रिया है जिससे लाखों सालों में एक नया 'रिंग ऑफ फायर' तैयार हो सकता है, जैसा कि अभी प्रशांत महासागर के किनारे मौजूद है। वर्तमान में प्रशांत का रिंग ऑफ फायर हर साल 4.5 लाख भूकंप पैदा करता है और कई ज्वालामुखियों का गढ़ है।

### 1969 के भूकंप ने खोला रहस्य

हालांकि, अटलांटिक क्षेत्र आमतौर पर टेक्टोनिक रूप से शांत माना जाता है, लेकिन फिर भी 1969 में पुर्तगाल के पास 7.9 तीव्रता का एक और भूकंप आया। वैज्ञानिकों ने पाया कि धरती के मेंटल में 250 किलोमीटर गहराई तक एक भारी 'ब्लॉब' गिर रहा था। इसके साथ ही उन्होंने देखा कि भूकंप के केंद्र 20 किलोमीटर गहराई में थे। जबकि आमतौर पर अधिकतर भूकंप सतह से 10 किलोमीटर के भीतर होते हैं।

## चीन में वैज्ञानिकों ने की अनोखी खोज, ढूंढ निकाली इंसानों की अजीबोगरीब प्रजाति

**बीजिंग।** दुनियाभर में अक्सर तरह-तरह की खोजें होती रहती हैं, जो न सिर्फ लोगों को बल्कि वैज्ञानिकों को भी हैरान कर देती हैं। ऐसी ही एक खोज चीन में हुई है, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। जर्नल ऑफ ह्यूमन इवोल्यूशन में प्रकाशित एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने दक्षिण-पूर्वी चीन की हुआलोंगडोंग गुफा में 21 जीवाश्म दांतों की खोज की है। दावा किया जा रहा है कि ये अवशेष लगभग 3 लाख साल पुराने हो सकते हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, अवशेष पुरातन और आधुनिक मानव विशेषताओं का एक अप्रत्याशित मिश्रण दर्शाते हैं, जिससे लगता है कि उस जमाने में ऐसे भी इंसान थे, जिनके बारे में किसी को भी नहीं पता। साल 2006 में पहली बार हुई खुदाई में हुआलोंगडोंग में कम से कम 16 जीवों के अवशेष मिले थे, जो मध्य प्लेइस्टोसिन काल के थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com